Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**29 साल के ज्वेरेव ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम, फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया...**

**अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में करोड़ों के हेरफेर का मामला : अखिलेश यादव ने कोर्ट से की...**


कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 09 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 187 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹1,39,050 | ₹2,60,000 |



## आज का इतिहास

**1949 :** भारतीय पुलिस सेवा में सम्मिलित होने वाली प्रथम महिला अधिकारी डॉ॰ किरण बेदी का जन्म हुआ था।

**1964 :** लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने।

## न्यूज बाइट्स

### पार्ट टाइम शिक्षकों की भर्ती एक विवि करेगा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार के डिग्री कॉलेजों में पार्ट टाइम शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध बनाने के लिए राज्य सरकार एवं राजभवन स्तर पर नई व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जा रहा है। प्रस्ताव के तहत राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए किसी एक विश्वविद्यालय को नोडल विश्वविद्यालय बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार राज्य के 211 डिग्री कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग जल्द ही इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में कई डिग्री कॉलेजों में पार्ट टाइम शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ऐसे में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए एक केंद्रीकृत व्यवस्था बनाने की तैयारी चल रही है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो नोडल विश्वविद्यालय को राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों के लिए विषयवार और कॉलेजवार योग्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने तथा नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कराने की जिम्मेदारी दी।

### एनएच-19 पर बोधगया से वाराणसी जा रही बस ट्रक से टकराई, दूसरी घटना में अरवल में नहर में गिरी कार

# सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

## तीन श्रद्धालुओं की मौत, 20 घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 पर रविवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंध्र प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी यात्री धार्मिक यात्रा पर निकले थे और बोधगया से दर्शन कर उत्तर प्रदेश के काशी जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश से लगभग 40 श्रद्धालुओं का दल विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए यात्रा पर निकला था। रविवार रात सभी लोग बस से बोधगया से काशी के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान औरंगाबाद जिले में भवानी होटल के समीप भेड़िया और देव मोड़ के बीच उनकी बस एक ट्रक से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस और ट्रक दोनों एक ही दिशा में जा रहे थे। ओवरटेक करने के प्रयास के दौरान बस ट्रक से जा भिड़ी, जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में आंध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले के संगमा निवासी हजरतया (50 वर्ष), फातमावती (43 वर्ष) तथा पशुलेट वेंकटेश (64 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सुभनमा, नरेंद्र रेड्डी, प्रसाद समेत कई अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में आठ लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने तत्काल बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों की मदद से औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य अनिल यादव भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को गया रेफर कर दिया गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए एनएच-19 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को जब्त कर सड़क से हटवाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चालक की भूमिका, वाहनों की गति तथा ओवरटेकिंग की संभावना सहित विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### तेज रफ्तार बनी मौत का कारण

## सोन नहर में कार गिरने से चार युवकों की मौत, एक घायल



**अरवल (नि.सं.)।** जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सोन नहर में कार गिरने से चार युवकों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे का मुख्य कारण कार की तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार काफी तेज गति से चल रही थी। मोड़ पर पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार सीधे सोन नहर में जा गिरी। देखते ही देखते वाहन पानी में डूब गया और उसमें सवार लोग बाहर नहीं निकल सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।
राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। गोताखोरों की मदद से कार में फंसे तीन युवकों के शव बाहर निकाले गए, जबकि चौथे युवक के शव को क्रेन की सहायता से निकाला गया। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन की पहचान पटना जिले के बिहटा निवासी रिशांक और मनोज तथा पटना के कंकड़बाग निवासी अमन के रूप में हुई है। चौथे मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

### बंद खिड़कियों और दरवाजों ने छीनी जिंदगी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही कार नहर में गिरी, तेज आवाज सुनाई दी। आसपास मौजूद लोग तुरंत दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार के अंदर फंसे लोगों को बचाने की कोशिश की, लेकिन वाहन पूरी तरह पानी में डूब चुका था। लोगों के अनुसार कार की सभी खिड़कियां और दरवाजे बंद थे। अंदर फंसे युवकों ने बाहर निकलने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पानी के अत्यधिक दबाव के कारण दरवाजे और खिड़कियां नहीं खुल सकीं। इससे वाहन के भीतर ही उनका दम घुट गया और उनकी मौत हो गई।

### कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर लगी मुहर

## किसानों के 43 करोड़ भुगतान की मिली मंजूरी, जमीन मापी का शुल्क हुआ दोगुना



निज संवाददाता | पटना

सम्राट कैबिनेट की बैठक में 25 जरूरी एजेडों पर मुहर लगी है। सरकार ने जमीन मापी का शुल्क लगभग दोगुना कर दिया है। पहले गांव में 500 रुपये प्रति खेसरा लगता था, अब 1,000 रुपये लगेगा। वहीं शहर में 1,000 रुपये की जगह 2,000 रुपये प्रति खेसरा देना होगा। इसके अलावा गोपालगंज में सासामुसा शुगर वर्क्स प्रा. लि. को फिर से चालू करने की तैयारी की जा रही है। इससे किसानों को 42.99 करोड़ रुपये (करीब 43 करोड़ रुपये) का गन्ना मूल्य भुगतान मिलेगा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। खेती के लिए पूंजी उपलब्ध होगी।

राज्य सरकार की 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को हर महीने 1100 रुपये पेंशन मिलती है। अब सरकार ने फैसला किया है कि सभी पेंशनधारियों के खाते में हर महीने की 10 तारीख तक पेंशन राशि भेजी जाएगी। इसके लिए मई, जून और जुलाई 2026 की पेंशन भुगतान के लिए 3662 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। यह राशि वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लाखों लाभार्थियों को भुगतान करने के लिए खर्च की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए बिना बेड वाले ओपीडी क्लीनिक, डिस्पेंसरी, डेंटल क्लीनिक और डायग्नोस्टिक सेंटरों को भी बिहार राज्य नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रेशन एवं विनियमन) नियमावली के दायरे में लाया गया है। बिहार सरकार ने बिहार राज्य नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रेशन एवं विनियमन) नियमावली, 2013 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

अब राज्य में 40 बेड से अधिक वाले अस्पतालों पर यह नियमावली लागू होगी। 1 से 40 बेड वाले अस्पताल, ओपीडी क्लिनिक, डिस्पेंसरी, डेंटल क्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए अलग नियमावली लागू रहेगी। अब अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन होगी। सभी प्रकार के पंजीकरण सिंगल नोडल एजेंसी (एसएनए) के केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। नए नियम के तहत किसी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान को एक ही काम के लिए अलग-अलग नियमों के तहत बार-बार रजिस्ट्रेशन नहीं कराना होगा।

## एनडीए के नौ उम्मीदवारों ने भरा नामांकन विधान परिषद चुनाव में दीपक प्रकाश को टिकट नहीं

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधान परिषद की 10 सीटों (एक उपचुनाव सहित) के लिए होने वाले चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक हलचल तेज रही। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी नौ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया, लेकिन बिहार सरकार में मंत्री दीपक प्रकाश ने पर्चा नहीं भरा। इसके बाद उनके मंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। दीपक प्रकाश वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री हैं, लेकिन वे विधानसभा या विधान परिषद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। संविधान के प्रावधानों के अनुसार मंत्री बनने के छह माह के भीतर किसी सदन की सदस्यता हासिल करना आवश्यक होता है। ऐसे में एनडीए द्वारा उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद उनके मंत्री पद पर सवाल उठने लगे हैं। इधर, दीपक प्रकाश को दोबारा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ एक जनहित याचिका भी दायर की गई है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 164(4) का हवाला देते हुए सवाल उठाया गया है कि छह माह की अवधि पूरी होने के बाद बिना किसी सदन का सदस्य बने उन्हें पुनः मंत्री पद की शपथ कैसे दिलाई गई। गौरतलब है कि दीपक प्रकाश ने पहली बार 20 नवंबर 2025 को मंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद 7 मई 2026 को सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में उन्होंने दूसरी बार मंत्री पद ग्रहण किया। वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता सुनील सिंह ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनकी उम्मीदवारी को लेकर भी राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है।




आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के ज़रिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा। | अवैध कमाई के जाल में न फंसें।

क्यूआर कोड स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

BAYC Institute
स्थापित 1972
**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

### इंडिया गठबंधन की बैठक

## विपक्षी एकता को धार देने की कवायद, एकजुटता को बताया सबसे बड़ी जरूरत

**नई दिल्ली(ए.)।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की सातवीं बैठक सोमवार को दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित हुई। करीब दो वर्षों के अंतराल के बाद गठबंधन के प्रमुख नेता एक मंच पर एकत्र हुए और आगामी राजनीतिक रणनीति, संसद में सरकार के खिलाफ संयुक्त रुख तथा संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की। बैठक में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले सहित कई प्रमुख विपक्षी नेता शामिल हुए। शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। कांग्रेस ने दावा किया कि बैठक में 23 विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब देश की राजनीति में विपक्षी एकजुटता को लेकर लगातार चर्चा जारी है। इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक एक जून 2024 को दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध, महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का हल्लाबोल, 9 जून को रजौली में एकदिवसीय धरना

**प्रखंड परिसर में 11 से 4 बजे तक होगा शांतिपूर्ण प्रदर्शन, विधि-व्यवस्था की मांग**

**रजौली।** राष्ट्रीय जनता दल ने राज्य में बढ़ते अपराध, महंगाई, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या और बालात्कार की घटनाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में रजौली प्रखंड इकाई की ओर से मंगलवार को प्रखंड परिसर में एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। राजद के रजौली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष अनूप कुमार ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा को आवेदन पत्र सौंपा एवं धरना प्रदर्शन के लिए अनुमति और प्रशासनिक सहयोग मांगा गया है। राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय पटना के आदेशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के बढ़ते प्रभाव में अपराध, महंगाई, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बालात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता की आवाज बुलंद करने के लिए एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन का समय 09 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभा स्थल रजौली प्रखंड परिसर रहेगा। प्रखंड अध्यक्ष ने अनुरोध किया है कि कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभा स्थल पर प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। राजद के इस धरना कार्यक्रम की घोषणा के बाद रजौली की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से 9 जून को अधिक से अधिक संख्या में प्रखंड परिसर पहुंचने की अपील कर रहे हैं। राजद नेताओं का कहना है कि आम जनता महंगाई और अपराध से त्रस्त है। सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है, इसलिए सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराना जरूरी हो गया है। प्रशासन की ओर से आवेदन मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित #एशिया पैसिफिक सम्मेलन में शामिल होंगे वारिसलीगंज के रवि पंडित



**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज (मुड़लाचक)निवासी राजू पंडित के सुपुत्र युवा राजनीतिक विश्लेषक एवं सामाजिक शोधकर्ता रवि पंडित का चयन ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित संस्था Australian National University दवारा आयोजित Asia Pacific Week 2026 सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि (Delegate) के रूप में किया गया है। यह सम्मेलन 22 से 25 जून 2026 तक ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आयोजित होगा।रवि पंडित की प्रारंभिक शिक्षा वारिसलीगंज स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की तथा आगे चलकर Jawaharlal Nehru University से राजनीति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध (Politics and International Relations) में उच्च शिक्षा प्राप्त की।वर्तमान में रवि पंडित राजनीतिक परामर्श (Political Consulting), लोकतांत्रिक सहभागिता, युवाओं की राजनीति में भागीदारी, सामाजिक न्याय तथा वंचित समुदायों की राजनीतिक आवाज को मजबूत करने के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न राज्यों में चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियानों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने से जुड़े अनेक परियोजनाओं में योगदान दिया है।

एशिया पैसिफिक वीक सम्मेलन एशिया-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े छात्रों, शोधकर्ताओं, नीति विशेषज्ञों और युवा पेशेवरों का एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहां क्षेत्रीय राजनीति, लोकतंत्र, अंतरराष्ट्रीय संबंध, स्रक्षा, आर्थिक सहयोग तथा सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है। सम्मेलन में चयनित प्रतिनिधियों को विभिन्न देशों के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों के साथ विचार-विमर्श का अवसर प्राप्त होता है।रवि पंडित ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के इस प्रतिष्ठित मंच पर उन्हें भारतीय लोकतंत्र की मजबूती, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक न्याय, वंचित समुदायों के सशक्तिकरण, भारत की विदेश नीति, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों तथा अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भारतीय दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे बिहार के युवाओं की वैश्विक मंचों पर बढ़ती भागीदारी का सकारात्मक संकेत बताया। उनके चयन पर वारिसलीगंज एवं नवादा जिले के शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

### श्रद्धांजलि सभा में निरंकारी सत्संग आयोजित, महात्मा रामदेव जी ने दिया आध्यात्मिक संदेश



प्रवचन करते महात्मा

**नरहट (नवादा)।** हिसुआ मुखी महात्मा मदन शर्मा की माता स्वर्गीय मुनेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर सोमवार को निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सत्संग में बरबीघा से पधारे महात्मा रामदेव प्रसाद ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप और परमात्मा की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि "अपने मूल की पहचान कर लो इंसान, हम कौन हैं और हमें कहां जाना है, इसका ज्ञान होना आवश्यक है। मानव जीवन में यदि परमात्मा और अपने निज घर को नहीं जाना, तो उसका जीवन व्यर्थ चला जाता है।"

उन्होंने कहा कि मनुष्य कर्मकांड और सांसारिक मोह-माया में उलझकर अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूल जाता है। परमात्मा की भक्ति और आत्मज्ञान से ही जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सत्संग, सेवा और सिमरन के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संत-महात्माओं ने भी आध्यात्मिक विचार व्यक्त किए तथा स्व. मुनेश्वरी देवी के जीवन एवं उनके धार्मिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में श्रद्धालुओं के बीच लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखी मदन शर्मा, बाबूलाल शर्मा, संयोजक विजय गुप्ता, जयनन्दन प्रसाद, छोटे लाल जी, उनित प्रसाद समेत काफी संख्या में निरंकारी परिवार मौजूद थे।

### युवक का सिर मुंडवाकर पोती कालिख,प्राथमिकी दर्ज, दो किशोर किए गए विधि निरुद्ध

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सुदनपुर गांव में एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक का सिर मुंडवाया, चेहरे पर कालिख पोती, थूक चटाया और गांव में घुमाते हुए मारपीट की। मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित सुदनपुर निवासी मो. नईम के पुत्र शहनवाज ने पकरीबरावां थाना में दिए आवेदन में बताया है कि वह रविवार की संध्या अपने घर में सोया हुआ था। इस दौरान करीब 30 की संख्या में लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। हो- हल्ला करने एवं आस पास के लोगों के विरोध करने पर जबरन पकड़कर गांव के मरहूम इजहार के घर ले गए। वहां लोगों ने जबरन वीडियो बनाया और दबाव बनाया कि एक लाख रुपए दो नहीं तो चोरी के आरोप में फंसा देंगे। नहीं कबूल करने पर सिर मुंडवा दिया गया, चेहरे पर कालिख पोती गई और थूक चटाया गया। आरोप लगाया है कि मारपीट करते हुए गांव घुमाया। इस मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर 14 नामजद एवं 20-25 अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या 242/26 दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है।

# अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा की तैयारी पूर्ण, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में "अधिनायक लिपिक" पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 10 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला मुख्यालय के 19 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक संचालित होगी तथा अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय पूर्वाह्न 08:30 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में कदाचार, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा मानकों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी केन्द्राधीक्षकों एवं दण्डाधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री एवं लिखित सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाएगी। बैठक में बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व अर्थात पूर्वाह्न 09:30 बजे परीक्षा केन्द्रों का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश के लिए ई-प्रवेश पत्र एवं वैध फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।




जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा एवं कदाचारमुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यालय भवनों की छतों से भी सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी बाहरी तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके तथा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अक्षुण्ण बनी रहे। परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही परीक्षा के अंतिम 30 मिनट में किसी भी परीक्षार्थी को शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में शौचालय जाने वाले अभ्यर्थियों की तलाशी एवं निगरानी अनिवार्य रूप से की जाएगी।

परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सुरक्षित स्टैटिक दंडाधिकारी एवं सुरक्षित जोनल दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्रीमती निरूपमा शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं पु०नि० श्री मनोज कुमार, प्रभारी लोक शिकायत निवारण कोषांग, पुलिस कार्यालय, नवादा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष से परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु अग्निशमन, चिकित्सा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बज्रवाहन, वाटर कैनन तथा अश्रुगैस सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

परीक्षा अवधि के दौरान अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर विधि-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखेंगे। परीक्षा के दिन विधि-व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में डॉ० अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा तथा श्री निशु मल्लिक, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), नवादा रहेंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षकों से परीक्षा संचालन के दौरान आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, नवादा सदर, स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के तहत जिला स्तरीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में डिजिटल तकनीक निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : जिला पदाधिकारी**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) भवन, नवादा में शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय कृषि कर्मियों तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है और कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सरल, सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग लगातार डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि एप के माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण, कृषि तकनीक एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे किसान घर बैठे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं।



जिला पदाधिकारी ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे "खेत बचाओ अभियान" की चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा कृषि भूमि के कम-से-कम एक चौथाई हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं संतुलित पोषण प्रबंधन से भूमि की उर्वरता बरकरार रहेगी तथा उत्पादन लागत में कमी आएगी।

कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा ने जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 6,03,104 नई एवं पुरानी जमाबंदियां हैं, जिनके आधार पर किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नवादा जिले में कुल 1,86,174 लाभार्थी किसान हैं, जिनमें से अब तक 1,03,244 किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा चुका है। शेष किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले को 413 क्विंटल संकर धान एवं 250 क्विंटल संकर मक्का बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन बीजों के माध्यम से 25-25 एकड़ के क्लस्टर तैयार कर प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल किसानों के बीच बीज वितरण कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि वितरित बीजों की वास्तविक बुआई खेतों में हो तथा किसान उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करें।

उन्होंने भारत विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के लिए सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 155261 के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसान इस नंबर पर कृषि संबंधी समस्याओं, योजनाओं, तकनीकी सलाह एवं अन्य आवश्यक जानकारियों के लिए संपर्क कर सकते हैं। कृषि कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिकाधिक किसानों को इस सुविधा के बारे में जागरूक करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खरीफ फसलों की उन्नत खेती, बीज प्रतिस्थापन, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों एवं कृषि कर्मियों को नवीन कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा उत्पादन वृद्धि के उपायों की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला उद्यान पदाधिकारी, सहायक निदेशक (शस्य) प्रक्षेत्र-सह-अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिले के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# संत निरंकारी मिशन की नई पहल,रजौली बनी नई शाखा

**सुबोध कुमार को मिला कार्यभार, साध संगत में हर्ष का माहौल**



नई शाखा के मुखी को बुके देते श्रद्धालु

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** संत निरंकारी मंडल दिल्ली की ओर से बिहार प्रांत के नवादा जिला अंतर्गत रजौली नगर पंचायत को एक नई शाखा के रूप में गठित किया गया है, जिसके बाद से ही स्थानीय श्रद्धालुओं और साध संगत के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है।

इस नवगठित शाखा के सुचारू संचालन तथा आवश्यक सांगठनिक कार्यवाही को सुनिश्चित करने के लिए जोन संख्या-51 झुमरी तिलैया के जोनल इंचार्ज प्रोफेसर देवेंद्र सिंह जी के आदेशानुसार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नवादा के संयोजक विजय कुमार ने केंद्रीय संगठन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र को सबके समक्ष प्रस्तुत किया तथा नवनियुक्त मुखी सुबोध कुमार को वह पत्र सौंपकर उन्हें इस नई जिम्मेदारी से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने पूरे विधि-विधान और मर्यादानुसार सुबोध कुमार के गले में निरंकारी मिशन का पावन दुपट्टा डालकर उन्हें रजौली शाखा के मुख्य कार्यभार की कमान सौंप दी। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने रजौली के तमाम साध संगत ने बेहद हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ अपने नए मुखी सुबोध कुमार का स्वागत किया, जहां श्रद्धालुओं ने उन्हें माला पहनाकर और सुंदर बुके भेंट कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान रजौली और उसके आसपास के क्षेत्रों से आई साध संगत के बीच बेहद खुशी, संतोष और आध्यात्मिक उत्सव का माहौल साफ देखा जा सकता था। इस गरिमामयी और पावन उत्सव के अवसर पर नवादा के शिक्षक रौशन कुमार, सिरदला शाखा के मुखी रामदेव प्रसाद, रजौली के डॉक्टर ब्यास प्रसाद, हरदिया के परसुराम सिंह तथा नन्देलाल प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और इस नए सफर की शुरुआत में साक्षी बनने के लिए मनोज कुमार, मिथलेश कुमार, बहन उषा देवी, बहन काजल कुमारी सहित क्षेत्र के विभिन्न कोनों से आए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और साध संगत के भाई-बहन उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ इस मिलन और नियुक्ति उत्सव को सफल बनाया।

## बीएसटीए गोप गुट की जिला कार्यकारिणी बैठक रजौली में संपन्न




बैठक में शामिल शिक्षकगण

**♦ प्रधान शिक्षकों को प्रभार व एरियर भुगतान एक सप्ताह में करने की मांग, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी, राज्य कमिटी से चुनाव कराने का प्रस्ताव पास**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन (बीएसटीए) गोप गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक रजौली प्रखंड इकाई की मेजबानी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने की, जबकि मंच संचालन रंजन कुमार ने किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि जिले में कई नवनियुक्त प्रधान शिक्षकों को लगभग ग्यारह माह बीतने के बाद भी प्रभार नहीं मिल सका है। साथ ही प्रधान शिक्षकों के विशिष्ट शिक्षक के रूप में किए गए कार्य का एरियर भुगतान भी अब तक लंबित है। संगठन के पुनर्गठन को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

चर्चा के दौरान कई शिक्षकों ने आरोप लगाया कि जब भी कोई शिक्षक प्रखंड या जिला कार्यालय किसी कार्य से जाता है तो उसे उचित सम्मान नहीं दिया जाता। सम्मान की बात केवल पत्रों तक ही सिमट कर रह गई है। बैठक में सर्वसम्मति से सभी बकाया एरियर और प्रधान शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर प्रभार देने की मांग पदाधिकारियों से की गई। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी नहीं होने पर संगठन अपनी चट्टानी एकता दिखाते हुए आंदोलन को विवश होगा। जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने संगठन का चुनाव हुए तीन वर्ष से अधिक होने पर मौजूदा कमिटी को भंग करते हुए राज्य कमिटी से अविलंब चुनाव कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने बैठक की बेहतर मेजबानी और प्रबंधन के लिए रजौली प्रखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, गौतम कुमार, सुबोध कुमार, भोला दास, राजेंद्र कुमार समेत सभी सक्रिय सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया। बैठक को जिला महासचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष लल्लू कुमार, वरीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष बारीक खान तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिवों ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अंत में रजौली के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने सभी का धन्यवाद कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

# नरहट का चाँदनी चौक, सड़क या हादसों का इंतजार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** चांदनी चौक के पास सोमवार को एक ई-रिक्शा सड़क पर बने गहरे गड्ढे में पलट गई। संयोग अच्छा रहा कि इस बार यात्री सुरक्षित बच गए और किसी की जान नहीं गई। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशासन और निर्माण एजेंसी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर महीनों पहले सड़क को खोद दिया गया, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया। नतीजा यह है कि सड़क अब रास्ता कम और दुर्घटना का कारण ज्यादा बन चुकी है। जगह-जगह बने गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को जोखिम में डाल रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल निर्माण एजेंसी की जवाबदेही पर है। यदि सड़क निर्माण कार्य चल रहा था तो सुरक्षा के क्या इंतजाम किए गए? क्या चेतावनी बोर्ड लगाए गए? क्या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई? यदि नहीं, तो हर दुर्घटना की जिम्मेदारी किसकी होगी? प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। जब स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं, तब भी अधिकारियों की चुप्पी समझ से परे है। ऐसा प्रतीत होता है कि फाइलों में विकास दौड़ रहा है, जबकि जमीन पर लोग गड्ढों में गिर रहे हैं।



बरसात शुरू हो चुकी है। ऐसे में अधूरी सड़कें और गहरे गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। यदि आज एक ई-रिक्शा पलटी है तो कल कोई स्कूली वाहन, एंबुलेंस या भारी वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। तब केवल जांच और मुआवजे की घोषणाएं लोगों के घाव नहीं भर पाएंगी।

नरहट की जनता पूछ रही है—सड़क कब बनेगी?

और उससे भी बड़ा सवाल—**क्या प्रशासन हादसों की गिनती कर रहा है या समाधान की तैयारी?

विकास का दावा तभी सार्थक होगा जब सड़कें लोगों को मंजिल तक पहुंचाएं, न कि गड्ढों में पलटने को मजबूर करें। अभी तो चांदनी चौक की यह सड़क विकास से ज्यादा व्यवस्था की लापरवाही की कहानी बयां कर रही है।

# रजौली में टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक डिजिटल माइक्रो प्लान अपडेट करने के निर्देश

**जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक, छूटे लाभार्थियों को जोड़ने पर जोर**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के डिजिटल माइक्रो प्लान को अद्यतन करने तथा समीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, डिजिटल माइक्रो प्लान के अद्यतनकरण, सत्र स्थलों की समीक्षा, छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान एवं उन्हें टीकाकरण सेवाओं से जोड़ने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे माइक्रो प्लान को नियमित अपडेट करें तथा टीकाकरण गतिविधियों की समयबद्ध समीक्षा सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार, बीएचएम रविचंद्र प्रसाद, पीसीआई जिला समन्वयक कुमार अभिषेक, पीसीआई प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार, डब्ल्यूएचओ एफएम अनिल कुमार तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चे तक समय पर टीकाकरण सेवाएं पहुंचाई जा सकें। बैठक में प्रखंड में कार्यरत सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।




प्रखंड सभागार में शामिल स्वास्थ्यकर्मी

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में दिनदहाड़े बाइक की चोरी, युवक ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की थी



**गया।** गयाजी में बाइक की चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। बताया जा रहा कि एपी कॉलोनी में एक व्यक्ति ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा। कुछ देर तक आसपास के माहौल को देखा। मौका मिलते ही वह बाइक के पास आया और लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बाइक मालिक ने रामपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी घटनास्थल के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान और उसके भागने के रास्ते का पता चल सके। रामपुर थाना अध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है। फुटेज में एक युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। घटना रामपुर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी की है। बाइक मालिक ने लिखित आवेदन दिया है, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना अध्यक्ष कहा कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और चोरी हुई बाइक की बरामदगी भी की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### एमडीएम की रिपोर्ट 39 प्राचार्यों ने नहीं भेजी डीपीओ ने सभी से मांगा स्पष्टीकरण



**नालन्दा।** नालंदा के सरकारी विद्यालयों में अप्रैल महीने के दौरान मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) के तहत बच्चों को खाना खिलाया गया या नहीं, इसे लेकर 39 प्राचार्यों ने ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड नहीं की है। एमडीएम डीपीओ अंशु कुमारी और डीपीएम जितेन्द्र कुमार की ओर से अप्रैल की मध्याह्न भोजन योजना की रिपोर्ट की समीक्षा किए जाने पर मामला प्रकाश में आया है। एमडीएम डीपीओ ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों से स्पष्टीकरण की मांग की है। इसके साथ ही अप्रैल में जितने दिनों की एमडीएम रिपोर्ट नहीं भेजी गई है, उतने दिनों की राशि के भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। एमडीएम डीपीओ ने जानकारी दी कि जिले के 95 फीसदी विद्यालय विभागीय प्रावधानों के अनुसार नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट भेज रहे हैं, लेकिन शेष पांच फीसदी विद्यालयों के प्राचार्य इस कार्य में लगातार कोताही बरत रहे हैं। हद तो यह है कि कई प्राचार्यों ने न केवल रिपोर्ट दबाए रखी, बल्कि भेजे गए शोकॉज नोटिस का जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझा। अब इन स्कूलों के लापरवाह प्राचार्यों पर सख्त कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। इसके अलावा, डीपीओ ने सभी एमडीएम बीआरपी को सख्त आदेश दिया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों के शत-प्रतिशत विद्यालयों की रिपोर्ट ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर दर्ज करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले एमडीएम बीआरपी भी कार्रवाई की जद में आएंगे।

**इन स्कूलों से रिपोर्ट नहीं दी गई:** रिपोर्ट नहीं भेजने वाले विद्यालयों में जिले के कई प्रखंडों के स्कूल शामिल हैं। इनमें अस्थावां प्रखंड के अकबरपुर, गफुरबिगहा, नोआवां प्राथमिक विद्यालय, हरिजन टोला एनपीएस, भिखानीबिगहा मध्य विद्यायल, धोबीबिगहा और नेरूत मध्य विद्यालय शामिल हैं।

वहीं बिहारशरीफ प्रखंड के बहुआरा, हरगावां, डमरबिगहा प्राथमिक, एकंगरसराय के कन्हैयागंज मध्य विद्यालय और गिरियक के दुर्गापुर व पोखरपुर मध्य विद्यालय ने भी रिपोर्ट नहीं दी है। इसी तरह हिलसा के परवलपुर प्राथमिक, इस्लामपुर के केवाली एनपीएस, पिलखी, काजीबिगहा, सेरथुआडीह प्राथमिक और रसलपुर व मौलानाचक मध्य विद्यालय, कराय के मुसहरी प्राथमिक, नूरसराय के बेलसर और परिऔना मध्य विद्यालय और जमुनापुर प्राथमिक विद्यालय का नाम इस सूची में दर्ज है। परवलपुर के लखमाबिगहा मध्य विद्यालय, फतेहपुर, ताराबिगहा, मठपर प्राथमिक विद्यालय, रहुई के पेंदापुर प्राथमिक, बीएन पहाड़ी एनपीएस और दौलतपुर मध्य विद्यालय, सरमेरा के गोपालबाद हरिजन टोला, सोनडीहा, पुरैनी-इसुआ प्राथमिक विद्यालय और सिलाव के जगदीशपुर प्राथमिक और नीरपुर मध्य विद्यालय ने भी एमडीएम की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं की है।

**अधिकारी हो या कर्मचारी कार्रवाई होगी:** जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने कहा कि जिले के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ मध्याह्न भोजन योजना के तहत शुद्ध और ताजा भोजन उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाला चाहे कोई भी कर्मचारी या अधिकारी हो, विभागीय प्रावधानों के तहत उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गयाजी में एएनएमएमसी के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल, ओपीडी सेवा ठप

## बिना इलाज के लौटे मरीज, बुनियादी सुविधाओं की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी के अनुग्रह मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रही। डॉक्टरों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे इस आंदोलन से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। ओपीडी सेवाएं ठप रहने के कारण सैकड़ों मरीजों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के ही वापस लौटना पड़ा। अस्पताल परिसर में सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गया सहित आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। कई मरीज दूर-दराज के गांवों से घंटों का सफर तय कर आए थे, लेकिन डॉक्टरों की हड़ताल के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी। ओपीडी सेवाएं बाधित होने से न तो उन्हें सलाह मिल सकी और न ही आवश्यक उपचार मिला।

**मरीजों ने जताई नाराजगी:** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मरीजों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार अस्पताल आना उनके लिए मुश्किल है। उनका कहना था कि ऐसी स्थिति में सबसे अधिक नुकसान गरीब मरीजों को उठाना पड़ता है। जूनियर डॉक्टरों, जिनमें राकेश कुमार और अमित रौशन शामिल हैं। इन्होंने बताया कि वे लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में पर्याप्त एयर कंडीशनिंग व्यवस्था नहीं होने के कारण भीषण गर्मी में काम करना बेहद कठिन हो गया था। ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भी गर्मी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था।

**हॉस्टल उपलब्ध नहीं कराने का आरोप:** हालांकि, हाल के विरोध प्रदर्शन के बाद कुछ स्थानों पर एयर कंडीशनर की व्यवस्था की गई है, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उनकी कई अन्य महत्वपूर्ण मांगें अब भी अधूरी हैं। आंदोलन कर रहे डॉक्टरों ने हॉस्टल व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि प्रथम वर्ष के कई छात्र-छात्राओं को अब तक हॉस्टल उपलब्ध नहीं कराया गया है।

इसके कारण उन्हें निजी मकानों में रहकर पढ़ाई और प्रशिक्षण करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक और शैक्षणिक दोनों तरह की परेशानियां बढ़ रही हैं। वहीं, पुराने हॉस्टल भवनों की स्थिति भी जर्जर बताई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि भवनों की मरम्मत और नए आवासीय परिसरों का निर्माण समय की मांग है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए हैं। विरोध प्रदर्शन का असर केवल ओपीडी तक सीमित नहीं रहा। अस्पताल की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था भी प्रभावित हुई। शुरुआती घंटों में कुछ मरीजों का पंजीकरण किया गया, लेकिन बाद में प्रक्रिया बाधित हो गई। इससे मरीजों को जांच, परामर्श और अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं प्राप्त करने में कठिनाई हुई। कई मरीज घंटों तक काउंटर और विभागों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल सकी।

## यात्रियों को गंदगी के बीच बस का करना पड़ता इंतजार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**गयाजी।** गयाजी का पुराना राजबस डिपो बदहाल स्थिति में है। चारों तरफ गंदगी फैली है। मुख्य द्वार से लेकर पैसेंजर हॉल तक गंदगी रहती है। पूरे परिसर में दुर्गंध फैली है। सबसे बदहाल स्थिति यात्री कक्ष की है, जहां कुर्सियां और बेंच टूटी-फूटी है। लोगों के लिए बैठने तक की जगह नहीं है। परिसर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बसों के इंतजार में घंटों बैठने वाले यात्रियों को गंदगी के बीच खड़े रहना पड़ता है। डिपो में पानी के लिए भी अच्थी व्यवस्था नहीं है। यात्रियों का आरोप है कि यहां जो सप्लाई का पानी आ रहा है, उसमें भी कचरा और गंदगी है। पानी का रंग और स्वाद ऐसा है कि उसे पीना बीमारियों को सीधा आमंत्रण देने जैसा है। किसी निजी कंपनी की ओर से लगाए गए एक साधन के भरोसे जैसे-तैसे काम चल रहा है, लेकिन परिवहन विभाग की ओर से शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं दिखती।

**बदहाली पर जताया आक्रोश:** बिहार विकलांग संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष और उसास देवरा-सिंघड़ा रूट के यात्री कृष्णा यादव ने डिपो की बदहाली पर आक्रोश व्यक्त किया। उनका मानना है कि गया एक अंतरराष्ट्रीय बाजार और धार्मिक नगरी है। यहां बोधगया आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालु और दूर-दराज के यात्री आते हैं। कहा जाता है कि गया से संदेश पूरे देश में जाता है लेकिन आज इस राजबस पड़ाव को देखकर क्या संदेश जा रहा होगा। बैठने की जगह टूटी-फूटी है, चारों तरफ गंदगी का अंबार है। सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग यात्रियों ने जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग से राजबस डिपो परिसर में नियमित साफ-सफाई, कचरा निष्पादन और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गयाजी जैसे महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय के बस डिपो की यह दुर्दशा न केवल गयाजी की छवि खराब कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है। यदि समय रहते सफाई और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगामी बरसात के मौसम में स्थिति और भयानक हो जाएगी।

## मलमास मेले में बिछड़ों को अपनों से मिला रहा प्रशासन, 2700 से अधिक लोगों की हुई घर वापसी

### 182 बच्चों को परिवार को सौंपा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा।** बिहार सरकार की ओर से आयोजित राजकीय मलमास मेला, राजगीर में अध्यात्म और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस विशाल मेले में भारी भीड़ के कारण अपनों से बिछड़ जाने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए जिला प्रशासन, नालन्दा पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासन की ओर से एक विशेष गुमशुदा श्रद्धालु सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, जहां भटके हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने का सराहनीय काम किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 15 मई से 6 जून तक मेले में कुल 2787 श्रद्धालु गुमशुदा हुए थे। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि प्रशासन की तत्परता से इन सभी 2787 लोगों को उनके परिवारों से सुरक्षित मिला दिया गया है। इन बिछड़े हुए लोगों में 1502 महिलाएं, 1102 पुरुष और 182 बच्चे शामिल थे, जिन्हें सफलतापूर्वक उनके अपनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनका कोई परिजन मेले में बिछड़ जाता है, तो वे बिना घबराए तुरंत नजदीकी नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। गुमशुदा व्यक्ति की तलाश में सहायता हासिल करने के लिए परिजनों को कुछ बुनियादी जानकारी देनी होती है, जिसमें बिछड़े हुए व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, पहनावे का विवरण, बिछड़ने का स्थान व समय, विशेष पहचान, तस्वीर और संपर्क हेतु मोबाइल नंबर शामिल है। प्रशासन की ओर से गुमशुदा श्रद्धालु के मिलने के बाद उनकी फोटो भी ली जाती है।

**24 घंटे उपलब्ध है सेवा:** यह गुमशुदा श्रद्धालु सेवा केंद्र मुख्य मेला परिसर, राजगीर में स्थित है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां 24x7 सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, लोग किसी भी समय सहायता के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 06112-255066 पर भी संपर्क कर सकते हैं और फोटो भेज सकते हैं। प्रशासन सदैव जनता की सेवा में तत्पर है और मेले में आने वाले सभी लोगों से यह सहयोग मांगता है कि वे किसी भी गुमशुदा व्यक्ति को पहचानने में उनकी मदद करें।

## जमीन पर ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में मारपीट, एक ही परिवार के 8 लोग घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा।** नालन्दा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित महानंदपुर गांव में सोमवार को जमीन पर ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें एक ही परिवार के आठ लोग घायल हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल में इलाजरत घायलों में महेश यादव, ललिता देवी, निभा कुमारी, आरती कुमारी, सिंपी कुमारी, सिमरन कुमारी और प्रतिमा कुमारी सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं।

घायल महेश यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर गांव के ही रतन कुमार की ओरप से जबरन ट्रैक्टर लगाया जा रहा था। जब महेश और उनके परिजनों ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपित पक्ष उग्र हो गए और गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें परिवार के कई सदस्य बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**कहासुनी के बाद हुई मारपीट:** थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि विवाद गैरमजरूआ जमीन से जुड़ा है। एक पक्ष ने गैरमजरूआ जमीन पर अपना घर बना रखा है, जबकि दूसरा पक्ष उसी घर के आगे अपना ट्रैक्टर लगा देता है। इसी वर्चस्व और जगह छेंकने की बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में तब्दील हो गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस नजर बनाए हुए है।

## सीएसपी व 4 दुकानों में चोरी, 4 लाख नकद व लैपटॉप ले गए चोर, शातिरों ने सीसीटीवी तोड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा।** नालंदा में रविवार देर रात सीएसपी और 4 दुकानों में एक साथ चोरी हुई है। चोर वेंटिलेटर के सहारे दुकानों में घुसे थे। इसके अलावा सीएसपी में भी हाथ साफ किया। वहां से चोर 4 लाख रुपए नगद समेत अन्य सामान भी ले गए। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का सीएसपी चलाने वाले शशि कुमार ने बताया कि सुबह 3 से 3:30 बजे के बीच चोर वेंटिलेटर से दुकान में घुसे। उन्होंने काउंटर का ताला तोड़कर लगभग 4 लाख रुपए नगद, 2 लैपटॉप और एक एलईडी टीवी की चोरी कर ली। पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने के लिए चोरों ने दुकान में लगे 4-5 सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर बाजार की है।

**मोबाइल और आभूषण की दुकानों में चोरी:** चोरों ने सीएसपी के आसपास की अन्य दुकानों में भी सेंधमारी की। मोबाइल दुकानदार पिंकू कुमार ने बताया कि वेंटिलेटर से घुसकर चोरों ने गल्ले से 5-6 हजार नकद और 6-7 मोबाइल चुरा लिए। एक अन्य दुकानदार सागर कुमार की दुकान से भी करीब 6 हजार रुपए नकद की चोरी हुई है। वहीं, चोरों ने बगल की एक आभूषण दुकान में भी घुसकर तोड़फोड़ की, हालांकि लॉकर नहीं तोड़ पाए।

**पुलिस की पेट्रोलिंग होती तो चोरी नहीं होती:** एक ही रात में इतनी दुकानों में चोरी होने से स्थानीय दुकानदारों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोश है। पीड़ितों का कहना है कि 5-6 दुकानों की रेकी करने और चोरी करने में चोरों को कम से कम एक से दो घंटे का समय जरूर लगा होगा। पुलिस नियमित पेट्रोलिंग करती, तो चोर इतनी आसानी से घटना को अंजाम देकर नहीं भाग पाते।

दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस को चोरी की घटना की सूचना मिल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की छानबीन और साक्ष्य जुटाने में लग गई है। फिलहाल पीड़ितों की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग भाई की धारदार हथियार से काटकर हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी के डुमरिया में जमीन के लालच में छोटे भाई ने धारदार हथियार से हमला कर दिव्यांग बड़े भाई की हत्या कर दी। मृतक जन्म से ही दिव्यांग था, लिहाजा उसकी शादी नहीं हुई थी। इलाज और देखभाल के लिए वो अपने छोटे भाई और उसके परिवार पर ही आश्रित था। बताया जा रहा है कि दिव्यांग ने अपने हिस्से की कुछ जमीन बहनों को देने की बात करता था, इसी कारण छोटे ने रविवार रात करीब 8 बजे वारदात को अंजाम दिया।

घटना बोधीबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत महूड़ी गांव की है। मृतक की पहचान नथू भगत के बड़े बेटे कृष्ण भगत, जबकि आरोपी की पहचान सूरजमल पाल के रूप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक, शादी और संतान न होने की वजह से कृष्ण भगत अपने छोटे भाई सूरजमल पाल से देखभाल और इलाज में सहयोग की उम्मीद रखते थे। लेकिन भाई की नजर सिर्फ उसके हिस्से की जमीन पर थी। पारिवारिक के लोगों और गांव के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों भाइयों के पिता ने अपने जिंदा रहते हुए डुमरिया-महादी मुख्य सड़क किनारे 24 कट्ठा जमीन खरीदी थी। इसमें से 16 कट्ठा जमीन कृष्ण भगत के नाम पर, जबकि बाकी 8 कट्ठा जमीन सूरजमल पाल के हिस्से में थी।

गांव के लोगों के मुताबिक, कृष्ण भगत अक्सर बीमार रहता था। उसने अपने भाई सूरजमल से कहा था कि अगर वो उसकी देखभाल और इलाज में सहयोग नहीं करेगा तो मैं अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेचकर अपना इलाज कराऊंगा और किसी को देखभाल के लिए रख लूंगा। बताया जा रहा है कि जमीन बेचने की बात से सूरजमल पाल नाराज था। उसे डर था कि अगर दिव्यांग भाई ने जमीन बेच दी, तो उसके हाथ से करोड़ों की संपत्ति निकल जाएगी। इसी खुन्नस में उसने रविवार रात कृष्ण भगत के सिर और शरीर समेत शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

वहीं मृतक की बहन मुन्नी देवी ने बताया कि जमीन के लिए दोनों भाइयों के बीच झगड़ा होता था। भाई सूरज अक्सर अपने भाई कृष्णा को जान से मारने की धमकी देता था। कृष्णा भगत अपने हिस्से में से हम दो बहनों को जमीन देने की बात कहते थे। शुरू में हमलोग तैयार नहीं हुए। बाद में उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि जमीन पिताजी की है इसलिए बहनों का भी हिस्सा होता है। इस पर हमलोग तैयार हुए। इस बीच सूरज ने अपने भाई की हत्या कर दी।

**घायल के पास इलाज के लिए पैसे भी नहीं थे:** उधर, वारदात की सूचना के बाद बोधीबीघा की पुलिस देर रात को ही घटनास्थल पर पहुंची। खून से लथपथ कृष्ण भगत को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि इलाज के लिए घायल के पास पैसे भी नहीं थे। इसकी जानकारी के बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर ही 5000 रुपए की आर्थिक मदद की। गांव के लोगों ने भी आपस में चंदा इकट्ठा कर पैसे दिए। हालांकि, अंदरूनी चोटें इतनी गहरी थीं कि अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही कृष्ण भगत ने दम तोड़ दिया।

रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया में कराया गया। अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक की बहनें मुन्नी देवी और चुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पान विकास योजना में 700 आवेदन, लॉटरी से होगा किसानों का चयन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** सूबे में पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही 'पान विकास योजना' के तहत आवेदनों के सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस योजना के लिए सूबे के 12 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें नालंदा भी शामिल है। मार्च-अप्रैल महीने में किसानों से आवेदन मांगे गए थे, जिसके तहत नालंदा के करीब 700 किसानों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। इन सभी प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर जिला स्तर से राज्य मुख्यालय को भेज दिया गया है। अब लॉटरी के माध्यम से योग्य किसानों का अंतिम चयन होना बाकी है। जिले को इस साल 10 हेक्टेयर में पान की खेती का क्षेत्र विस्तार करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसके लिए बांस का बरेजा बनाने हेतु सरकार किसानों को 50 फीसदी अनुदान देगी।

**100 वर्गमीटर के लिए 11 हजार रुपए की मदद :** इस बार उद्यान विभाग ने अनुदान के नियमों में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब एक किसान अधिकतम 100 वर्गमीटर में ही बरेजा बनाकर सरकारी अनुदान का लाभ ले सकेगा, जबकि पिछले साल यह सीमा 300 वर्गमीटर तक निर्धारित थी। 100 वर्गमीटर में खेती करने पर सरकार की ओर से 11,750 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। इस योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि इसका लाभ जमीन के असली मालिक (रैयत) के साथ-साथ बटाईदार (गैर-रैयत) किसानों को भी मिलेगा।

**लॉटरी के बाद फिर होगी भौतिक जांच:** उद्यान विभाग के अनुसार, राज्य मुख्यालय से लॉटरी के आधार पर चयनित किसानों की लिस्ट आने के बाद उनका एक बार फिर से भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जो किसान योजना की सभी शर्तों का पूरी तरह से पालन करते पाए जाएंगे, केवल उन्हें ही कार्यादेश (वर्क ऑर्डर) जारी किया जाएगा। वहीं, नियमों का पालन न करने वाले किसान इस लाभ से वंचित कर दिए जाएंगे और उनकी जगह प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में शामिल अन्य किसानों को मौका दिया जाएगा।



**नालंदा का पान, बनारस तक है शानः** नालंदा जिले के इस्लामपुर और राजगीर इलाके में बड़े पैमाने पर करीब 400 बीघे में मगही पान की खेती होती है। जिले के बौरीसराय, बौरीडीह, कोचरा और खुदागंज गांव पान उत्पादन के मुख्य हब माने जाते हैं। यहां पैदा होने वाले पान के पत्तों की क्वालिटी और मिठास इतनी बेहतरीन होती है कि बनारस और गया की बड़ी मंडियों में किसानों को इसकी मुंहमांगी कीमत मिलती है। इस योजना के पूरी तरह धरातल पर उतरने से इलाके में पान के रकबे और उत्पादन, दोनों में भारी इजाफा होने की उम्मीद है।

**आवेदनों का सत्यापन कर राज्य मुख्यालय भेज दिया गया:** उद्यान विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि आवेदनों का सत्यापन कर राज्य मुख्यालय भेज दिया गया है। वहीं से लॉटरी के आधार पर लाभुकों का चयन होना है। इसके बाद ही चयनित किसानों को कार्यादेश जारी होगा। सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद से उत्पादकों को पान की खेती करने में काफी सहूलियत होगी।

**इन 12 जिलों में लागू है योजना:** पान विकास योजना के तहत बिहार के कुल 12 जिलों का चयन किया गया है। सूबे के जिन जिलों में यह योजना लागू है, उनमें नालंदा, औरंगाबाद, गयाजी, शेखपुरा, वैशाली, नवादा, सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर और दरभंगा जिले शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सरकार के जमीन पर कब्जा को ले चली लाठी डंडे, आधा दर्जन घायल

**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ थाना क्षेत्र के नवलिया गांव में बिहार सरकार के जमीन पर कब्जा को लेकर दो पक्षों मे जम कर मार पीट हुई जिसमे दोनो पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटनाक्रम के संबंध में बताया गया है कि विजेन्द्र सिंह व महेंद्र सिंह के बीच में उक्त स्थल पर कब्जा को लेकर दोनों पक्षों में बहस होने के साथ ही गाली-गलौज से लेकर मार-पीट तक नौबत पहुंच गयी। जिसमें चले लात-घूसे लाठी डंडे से एक पक्ष के विजेंद्र सिंह, विक्की कुमार , दुसरे पक्ष के महेंद्र सिंह, विजयंती देवी,नीशु कुमारी,व अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार के देख रेख में इलाज चल रहा है। वही थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर बयान दर्ज कर रही है।

### सड़क हादसे मे एक महिला समेत चार घायल

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर हरिहर डिहरा गांव के समीप दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए. घायलों की पहचान मीना देवी पति पप्पू खरवार 45,देवरत कुमार सुरेश खरवार 18 दोनों खैरी, के बताए गए हैं जबकि लालू कुमार पिता पिता विश्वनाथ सिंह 35, निखलेश कुमार पिता प्रमोद सिंह दोनों धनेज के रूप में हुई है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि 112 नंबर डायल पुलिस की गाड़ी से सभी घायलो को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मीना देवी एवं लालू कुमार कि हालत बेहद गंभीर देखी गई, वही दो और लोगों का शरीर में आंतरिक चोटे आई है जहां सभी का बेहतर उपचार के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### भीषण उमस और गर्मी के बीच अनुमंडल क्षेत्र सहित बिक्रमगंज नगर में लोगों का जनजीवन हो रहा बेहाल

**बिक्रमगंज /रोहतास** : भीषण उमस और गर्मी के बीच अनुमंडल क्षेत्र सहित बिक्रमगंज नगर में लोगों का जनजीवन बेहाल हो गया है । मौसम की मार झेल रहे नागरिकों की मुश्किलें बिजली की अनियमित आपूर्ति ने और बढ़ा दी हैं । हालात यह हैं कि दिन हो या रात किसी भी समय बिजली गुल हो जा रही है, जिससे लोगों का सुकून छिन गया है ।अनुमंडल सहित नगरवासियों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती किसी बड़ी परेशानी से कम नहीं है ।बिजली की लगातार आंख-मिचौली के कारण घरों में पंखे और कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं । रात में बिजली बाधित होते ही लोगों की नींद उड़ जा रही है,जबकि दिन में घरेलू कार्यों से लेकर व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं । सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों,बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है,जिन्हें उमस भरी गर्मी में राहत के लिए बिजली पर ही निर्भर रहना पड़ता है । स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली आपूर्ति को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं,लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है । नगर के कई इलाकों में बार- बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज की समस्या से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है । लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में निर्बाध बिजली आपूर्ति उनकी मूल आवश्यकता है,लेकिन विभागीय व्यवस्था उस पर खरी नहीं उतर रही है । अनुमंडल सहित नगरवासियों ने विद्युत विभाग से अविलंब व्यवस्था में सुधार कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है । उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उमस और बिजली संकट की दोहरी मार से लोगों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी ।

### काराकाट के मोथा से युवक लापता, परिजन चिंतित थाने में गुमशुदगी दर्ज, मोबाइल ऑफ मिला, लेकिन युवक अपने साथ चार्जर और आधार कार्ड

**रोहतास**। जिले के काराकाट थाना क्षेत्र स्थित मोथा गांव से 19 वर्ष के पवन कुमार लापता हो गए हैं। उनके दादा आनंदी शाह ने काराकाट थाने में शुक्रवार को गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दो से तीन दिन गुजर जाने के बाद भी पवन का कोई सुराग नहीं मिला है, जिस पर परिजन चिंतित हैं। प्राथमिकी में बताया गया है कि पवन गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे घर से यह कहकर निकला कि वह बिक्रमगंज बाजार जाकर कपड़े का सामान लेने जा रहा है। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। पिता व दादा सहित परिवार ने आसपास व बाजारों में उसकी तलाश की, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार का कहना है कि पवन अक्सर कपड़े का सामान लेने दुकानदारों के साथ बिक्रमगंज या दिल्ली तक जाया करता था। दादा आनंदी शाह ने बताया कि पवन ने अपना मोबाइल साथ लिया था, लेकिन अब मोबाइल बंद दर्शा रहा है। पवन के बड़े पिता अनिल कुमार ने कहा कि पवन की उम्र लगभग 19 साल है और वह इसी तरह के काम के लिए घर से निकलता रहता था। अब दो-तीन दिन गुजरने पर घर में चिंता बढ़ गई है। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आनंदी शाह की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है। तकनीकी व अन्य माध्यमों से युवक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि प्रारंभिक जांच में किसी तरह की अप्रिय घटना होने का स्पष्ट संकेत नहीं मिला है, लड़का अपने साथ मोबाइल, चार्जर और आधार कार्ड फिर भी सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### सिकरियां गांव से पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**रोहतास**। जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव से पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार वारंटी सिकरियां गांव निवासी जयचंद राम (पिता स्व. नथुनी राम) बताया जाता है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि न्यायालय से वारंट निर्गत था। गुप्त सूचना पर छापेमारी कर उसे पकड़कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से दो नाबालिग युवतियों को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पहली नाबालिग एक माह से लापता थी जबकि दूसरी 15 दिन से घर से गायब थी। दोनों के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन की जा रही थी। एक माह से लापता लड़की की तलाश के दौरान उसे भोजपुर जिले के सिकरहट्टा से सुरक्षित निकाल लिया गया। दूसरी लड़की भी संबंधित गांव के पास ही मिली। दोनों नाबालिगों को अभिभावकों के हवाले कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने बताया कि नियमित गश्त और नागरिकों की सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई संभव हो सकी। थानाध्यक्ष ने समुदाय से अपील की है कि ऐसे मामलों में त्वरित सूचना दें ताकि समय पर राहत और कानूनी प्रकिया पूरी की जा सके।

### बिहार में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारक

**कटिहार**। बिहार में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चल रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान भ्रांतियों को पीछे छोड़ जन आंदोलन बन चुका है। आशा कार्यकर्ताओं (जैसे पुनपुन प्रखंड की मधु देवी) और एएनएम के घर-घर संवाद की बदौलत बिहार ने 13 लाख 62 हजार किशोरियों के लक्ष्य में से 86 प्रतिशत (11,50,701 किशोरियां) को सुरक्षित कर देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह संख्या शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले गुजरात और मध्य प्रदेश की कुल लक्षित आबादी से भी दोगुनी है। बिहार में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारक है, जहाँ संक्रमण दर 14.1 प्रति लाख और मृत्यु दर 7.1 प्रति लाख है। पटना एम्स की डॉ. इंदिरा प्रसाद के अनुसार, टीकाकरण व स्क्रीनिंग ही सबसे प्रभावी रणनीति है। पटना के एक क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल में 96 नमूनों की जांच में 77% मामलों में एचपीवी-16 और 17% में एचपीवी-18 वेरिएंट मिले थे। शुरुआत में अभियान के सामने प्रजनन क्षमता और दुष्प्रभावों से जुड़ी अफवाहें बड़ी चुनौती थीं। जनवरी 2025 में 'नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन' द्वारा पटना के 801 छात्रों पर किए गए शोध से पता चला कि चिकित्सा पृष्ठभूमि के 84% के मुकाबले गैर-चिकित्सा क्षेत्र के केवल 16% छात्रों को ही एचपीवी की जानकारी थी। इस भ्रम को दूर करने के लिए बिहार सरकार ने व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया।

# भाजपा ने कृष्णा सिंह यादव को बनाया ओबीसी मंडल अध्यक्ष

- कार्यकर्ता हर महीने 10 तारीख को मंदिर में पूजा करके महाआरती व प्रसाद वितरण में भाग लेंगे
- भगवान जगन्नाथ जी मठ अमरपुर राजपुर हो सकता है पूजा का केंद्र



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक सोमवार को राजपुर स्थित पार्टी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पू राय के अध्यक्षता में हुआ. इस दौरान प्रखंड के हुसैनाबाद गांव निवासी कृष्णा सिंह यादव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.पार्टी ने उनमें नेतृत्व क्षमता देखते हुए उन्हें पार्टी के मण्डल अध्यक्ष पर पर मनोनीत करते हुए सम्मानित किया.

मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा हुआ. सरकार के उपलब्धि व कार्य योजनाओं को घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई.संगठन को और मजबूत बनाने पर बल दिया गया.

बैठक के दौरान निर्णय हुआ कि कार्यकर्ता हर महीने की दस तारीख को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किसी एक मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए महाआरती एवं प्रसाद वितरण में भाग लेंगे.मोदी जी को सबसे अधिक समय तक प्रधान मंत्री रहने की मंगल कामना करेंगे.उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के अमरपुर स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ पूजा का केंद्र हो सकता है.इस पर विचार किया जा रहा है.

21 जून को विश्व योग दिवस को व्यापक तरीके से मनाया जायेगा. मौके पर लक्ष्मण पाठक, संजय पाठक, धीरज गिरी, शनि वर्मा, राकेश सिंह, अनिल राय, नागेंद्र राय, सोनू कुमार, अंकित कुमार, सुमन पांडेय समेत दर्जनों अन्य मौजूद रहे.

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का कोचस में किया भव्य स्वागत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। पटना से कोचस होते हुए कैमूर जाने के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर महात्मा गांधी चौक स्थित पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भव्य स्वागत किया।करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह एवं जिला पार्षद नीलम पटेल के नेतृत्व में एनडीए के सैकड़ो कार्यकर्ता डेढ़ घंटे से हाथों में फूलमाला लेकर नारे लगाते हुए इंतजार कर नीतीश कुमार जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सम्राट चौधरी जिंदाबाद का नारे लगा रहे थे।करीब दोपहर बारह बजे नीतीश कुमार के काफिला पहुंचते हीं कार्यकर्ताओ ने नीतीश कुमार जिंदाबाद, एनडीए गठबंधन जिंदाबाद का नारे लगाते हुए आगे बढ़े। हालांकि प्रोटोकॉल के तहत नीतीश कुमार गाड़ी से बाहर नहीं निकले, भीतर से हीं कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए निकल गये। कार्यकर्ताओं से पुष्पगुच्छ व फूलमाला नीतीश कुमार के साथ बैठे लोगों ने लें नीतीश कुमार को देते दिखे। नीतीश कुमार अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां के पैतृक गांव नौघर जा रहे थे।स्वागत करने वालों में पैक्स अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, मुन्ना मिश्रा,ई. राजीव रंजन, अजय कुमार सिंह, संजय सिंह, बीरेंद्र सिंह,प्रमोद पटेल रौशन पटेल, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्वी राजेश सिंह, नगर अध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, जिला प्रवक्ता संतोष गुप्ता, नरेंद्र जोशी,चन्द्रमा ठाकुर, अनिल सिंह, छठू गुप्ता, रामनाथ सिंह,समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अस्पताल में चालु हुआ आयुष्मान कार्ड बनाने का काउंटर

## सबका आयुष्मान बनवाने का आशा को दी गई जिम्मेदारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य शुरू हो गया है.इसके लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह नौ बजे से दो बजे तक एक कर्मी काउंटर पर बैठ रहे है. जानकारी देते हुए प्रखंड आशा प्रबन्धक विकास कुमार ने बताया कि जिनका नाम राशन कार्ड से जुडा है,उनकी सूचि सरकार के आयुष्मान कार्ड पोर्टल पर मौजूद है.शेष लोग अपने आधार कार्ड के साथ काउंटर पर आकर आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी प्राप्त करेंगे.



उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना प्रदान करने हेतु आशा को निर्देशित किया गया है. मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र प्रबन्धक संदीप कुमार, कर्मी नवीन कुमार गौतम समेत अन्य मौजूद रहे.

# काली मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश, 12 पीतल के घंटे ले उड़े चोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। करगहर थाना क्षेत्र के सोनाडीह गांव स्थित प्राचीन काली मंदिर में रविवार की रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर बरामदे में लगे 12 पीतल के घंटे चुरा ले गए। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो घंटों को गायब देखकर हैरान रह गए। देखते ही देखते घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई और मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

मंदिर के पुजारी महंत यादव ने बताया कि रात में मंदिर बंद कर घर चले गए थे। सुबह पहुंचने पर मंदिर का ताला टूटा मिला। जांच करने पर




पता चला कि बरामदे में लगे चार बड़े और आठ अन्य पीतल के घंटे गायब हैं। चोरों ने लोहे की जंजीरों को कटर से काटकर घंटों की चोरी की है।

पुजारी के अनुसार चोरी हुए घंटों का कुल वजन करीब दो क्विंटल से अधिक है। ये घंटे श्रद्धालुओं द्वारा वर्षों से दान किए गए थे, जिनकी कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

घटना के बाद मंदिर संचालन समिति की बैठक हुई, जिसमें अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया। पुजारी द्वारा करगहर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सोमवार को एसडीएम कार्यालय कक्ष में एलआरडीसी संतोष कुमार ने सबका सम्मान, जीवन आसान योजना तहत जनता दरबार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास** : अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की अनुपस्थिति में सोमवार को एसडीएम कार्यालय कक्ष में एलआरडीसी संतोष कुमार ने सबका सम्मान,जीवन आसान योजना तहत जनता दरबार में विभिन्न मामलों की सुनवाई की । इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित 24, राशन कार्ड से जुड़े 13 तथा अन्य विभागों से संबंधित 6 मामलों समेत कुल 43 मामलों पर सुनवाई की । जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं एलआरडीसी के समक्ष रखीं,जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया । भूमि विवाद से जुड़े मामलों में विशेष रूप से राजस्व कर्मियों एवं अंचल अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया । सुनवाई के दौरान एलआरडीसी संतोष कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन की समस्याओं




का समाधान उनके नजदीक और सरल तरीके से हो । 'सबका सम्मान, जीवन आसान' योजना इसी उद्देश्य को साकार कर रही है । जनता दरबार में आने वाले प्रत्येक मामले की गंभीरता से सुनवाई की जा रही है तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं । प्रशासन पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंतुष्टि के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत जनता दरबार में पहुंचें,ताकि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा सके ।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 10 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत करगहर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम डुमरा में छापेमारी की गई। इस दौरान अरविंद कुमार पंडित (पिता-स्वर्गीय वसगीत पंडित), निवासी डुमरा, थाना करगहर, को 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने मौके से बरामद शराब को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष



ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## कटिहार जिले के गांवों की चौपालों से लेकर पंचायत स्तर तक हो रही है चुनावी चर्चा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। पंचायत आम निर्वाचन को लेकर कटिहार जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। एक ओर प्रशासन आरक्षण रोस्टर तैयार करने की प्रक्रिया में जुट गया है, वहीं दूसरी ओर संभावित प्रत्याशियों की नजरें राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये जाने वाले आरक्षण निर्धारण पर टिकी हुई हैं। गांवों की चौपालों से लेकर पंचायत स्तर तक चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्रामीण कचहरी के सभी पदों के लिए आरक्षण का निर्धारण इस बार सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए वर्ष 2006, 2016 और 2021 के आरक्षण रोस्टर का अध्ययन कर डेटा पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। वर्ष 2021 का डेटा पहले से उपलब्ध है, जबकि वर्ष 2006 और 2016 के आंकड़ों की प्रविष्टि का कार्य अंतिम चरण में है।राज्य सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि पंचायत चुनाव दिसंबर 2026 तक संपन्न करा लिया जाएगा। ऐसे में संभावित उम्मीदवार अभी से अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। हालांकि आरक्षण रोस्टर जारी नहीं होने के कारण राजनीतिक समीक्षक और दावेदार अपने-अपने स्तर पर गणित बैठाने में लगे हैं कि कौन-सा पद किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा। दो कार्यकाल के बाद आरक्षण रोस्टर में बदलाव की संभावना अधिक रहती है। यदि ऐसा होता है, तो कई वर्तमान मुखिया, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य चुनावी मैदान से बाहर हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर नए और युवा चेहरों के लिए राजनीति में प्रवेश का अवसर भी खुल सकता है। कटिहार जिले के सोलह प्रखंड—कटिहार, कदवा, आजमनगर, बारसोई, बलरामपुर, फलका, कुर्सेला, बरारी, कोढ़ा, समेली, मनिहारी, अमदाबाद, मनसाही, हसनगंज, डंडखोरा, प्राणपुर प्रखंड में चुनावी माहौल धीरे-धीरे गर्म होने लगा है। पंचायत चुनाव में अभी लगभग पांच महीने का समय शेष है, लेकिन संभावित प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने, सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने और अपने समर्थन आधार को मजबूत करने में जुट गए हैं। वर्ष 2021 की तरह वर्ष 2026 में भी पंचायत चुनाव में परिवर्तन की लहर देखने को मिल सकती है।

# बुढ़वा महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण व श्मशान घाट मुद्दे पर हुई अहम बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)**। रोहतास जिले के नगर पंचायत गोरारी के बुढ़वा महादेव बाबा मंदिर प्रांगण में सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता शशिकांत तिवारी शिक्षक के द्वारा वही बैठक में बुढ़वा महादेव बाबा मंदिर की चारदीवारी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए गांव के सक्षम लोगों के सहयोग से निजी स्तर पर राशि जुटाकर कार्य कराया जाएगा। वहीं मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते के



संबंध में बताया गया कि उक्त योजना नगर पंचायत बोर्ड से पूर्व में ही स्वीकृत हो चुकी है, जिस पर शीघ्र कार्य शुरू कराया जाएगा। बैठक में श्मशान घाट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। इस संबंध में फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका, लेकिन सभी वार्ड पार्षदों, प्रतिनिधि एवं उपस्थित लोगों ने एकमत होकर स्पष्ट किया कि जब तक नए श्मशान घाट के लिए उपयुक्त सरकारी भूमि का चयन नहीं हो जाता, तब तक वार्ड संख्या-10 में वर्तमान में जिस स्थान पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है, वहीं पर शवों का दाह संस्कार जारी रहेगा। जानकारी हो कि उक्त स्थल पर अब तक कई शवों का दाह संस्कार किया जा चुका है। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी एक माह के भीतर श्मशान घाट के लिए अलग सरकारी भूमि की पहचान कर प्रस्ताव को नगर पंचायत बोर्ड से सर्वसम्मति के साथ पारित कराया जाएगा। तब तक पुराने निर्धारित स्थल पर ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया जारी रहेगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत क्षेत्र की जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। वही मौके पर मुख्यपार्षद अभिभावक मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, वार्डपार्षद संजय राम एवं प्रतिनिधि दिलीप कुमार, विनेशकांत तिवारी, संतोष यादव, पिंटू कुमार, पैक्सध्यक्ष उदय प्रसाद, अशोक तिवारी, शिक्षक अनिल पासवान, रजनीकांत तिवारी, पप्पू तिवारी, सुशील ओझा, कमलेश पांडेय, वीरेंद्र तिवारी, प्रशांत कुमार, सुनील दुबे, सियाकांत तिवारी, मुन्ना दुबे एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेली ब्रिज पर चरवाहे ने चढ़ाई 20 से अधिक भैंस

**भागलपुर ।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त होने के बाद बेली ब्रिज बनाया गया है। ब्रिज पर वन-वे ट्रैफिक की व्यवस्था है। रविवार सुबह ब्रिज का उद्घाटन हुआ था, शाम में चरवाहे ने 24 से अधिक मवेशी पुल पर चढ़ा दिए। वन-वे ट्रैफिक की वजह से दोनों ओर 500 मीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। मवेशियों के आने से लोग अपनी गाड़ी खड़ी कर पुल पर बैठे रहे। राहगीर आर्यन शाह ने कहा कि अगर ऐसी स्थिति रही तो जाम लगना तय है। पुल पर मवेशियों के आने का एक वीडियो भी सामने आया है।

**7 जून से बेली ब्रिज पर चल रही गाड़ियां :** दरअसल, सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद 16 मई से बेली ब्रिज बनाने का काम शुरू हुआ। पथ निर्माण विभाग ने 7 जून से छोटे वाहनों के लिए ब्रिज को चालू किया। बेली ब्रिज पर फिलहाल वन-वे व्यवस्था लागू है, जिसके तहत एक समय में केवल एक दिशा से ही गाड़ियां आएंगी। प्रशासन के निर्देशों के अनुसार दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो, कार, एंबुलेंस और अन्य हल्के चारपहिया वाहन निर्धारित गति सीमा में पुल से गुजर सकते हैं, जबकि भारी मालवाहक वाहनों और ओवरलोड वाहनों के प्रवेश पर रोक है। पुल पर ओवरटेकिंग, अनावश्यक रुकने और भीड़ लगाने की भी मनाही है।

**सबसे पहले मंत्री की गाड़ी गुजरी थी :** भागलपुर में रविवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र ने बेली ब्रिज का उद्घाटन किया था। बेली ब्रिज पर सबसे पहले मंत्री ई. शैलेंद्र की सरकारी गाड़ी गुजरी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार और विभाग के लिए सुखद क्षण है। जनता से किए गए वादे को समय पर पूरा करते हुए बेली ब्रिज को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों का आभार जताया।

**हर दिन दिन मेंटेनेंस होगा :** जिला प्रशासन के अनुसार हर दिन दोपहर में एक घंटा का ब्लॉक लेकर बेली ब्रिज का मेंटेनेंस का काम होगा। इसके लिए बीआरओ की एक टीम पुल पर कैंप करेगी। यह टीम चारों बेली ब्रिज की बारीकी से जांच करेगी। अगर कहीं किसी तरह का नट-बोल्ट ढीला मिलेगा तो उसे अविलंब टाइट करेंगे। साथ ही ड्रोन कैमरे से ब्रिज के ऊपर और निचले हिस्से का हर दिन वीडियो बनाकर अपने अधीक्षण अभियंता को भेजेंगे, ताकि वहां वे खुद भी मॉनिटरिंग कर सके। ब्रिज मेंटेनेंस में उपयोग होने वाले सभी टूल्स जिला प्रशासन टीम को उपलब्ध कराएंगे।

### काबर-बगरस नहर बचाने को नवजीवन अभियान शुरू

**बेगूसराय ।** सरकारी स्तर पर वर्षों से उपेक्षा झेल रही काबर-बगरस नहर को नया जीवन देने के लिए ग्रामीणों ने मोर्चा संभाल लिया है। काबर झील क्षेत्र की पहचान मानी जाने वाली इस नहर के संरक्षण, पुनर्जीवन, विकास के लिए किसानों, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक अभियान शुरू करने का फैसला किया है। जयमंगलागढ़ स्थित नहर घाट पर बैठक हुई। काबर नहर नवजीवन अभियान के तहत नहर के अस्तित्व को बचाने, कायाकल्प की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार, लेखक महेश भारती ने की। बैठक में तय हुआ कि नहर की नियमित उड़ाही, सफाई के लिए जनस्तर पर अभियान चलेगा। सफाई से निकलने वाली मिट्टी से दोनों किनारों के बांध ऊंचे किए जाएंगे। बांध मजबूत किए जाएंगे। बांधों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण होगा। हरित पट्टी विकसित की जाएगी। नहर में सालभर जल प्रवाह बनाए रखने की पहल होगी।

# दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय ।** बेगूसराय के दियारा इलाके में आज दो लोगों को गोली मारी गई है। इस गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया है। घायल का कहना है कि पुलिस के सामने 15 राउंड गोली चली है। लेकिन, पुलिस ने कोई मदद नहीं की और पुलिसकर्मी भाग गए। दूसरी ओर डीएसपी निखिलने कहा है कि घायल और मृतक युवक के चाचा का आरोपियों से झगड़ा था। इसी में पत्थरबाजी हुई है। युवक के विरोध करने पर उसका मर्डर हुआ है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा दियारा की है। मृतक की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा रजौली लक्ष्मण टोल निवासी भरत राय के बेटे अजीत राय (35) के रूप में की गई है। इस गोलीबारी में अजीत का भाई दीपक राय (33) घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनीष मौके पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल चल रही है।

**खेत जोतने को लेकर हुआ था झगड़ा :** घायल दीपक का कहना है कि लक्ष्मण राय और प्रमोद राय के बीच आज चमथा के दियारा बहियार में खेत जोतने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें दूसरे पक्ष के प्रमोद राय और उसके समर्थकों ने 15 राउंड फायरिंग की। इसके बाद लक्ष्मण राय घर चला आया। तभी प्रमोद राय सहित उसके पक्ष के अन्य लोग गांव आ गए और यहां भरत राय के घर के आगे ईंट चलाने के साथ गाली-गलौज करने लगे। भरत राय के बेटों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि जिससे झगड़ा हुआ है, उसके घर पर जाकर झगड़ा कीजिए। इससे प्रमोद राय और उसके पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे। जिसमें अजीत के गर्दन में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, हाथ में गोली लगने से दीपक राय घायल हो गया। दोनों को लेकर परिजन हॉस्पिटल आए। घायल दीपक राय का कहना है कि हमारे चाचा लक्ष्मण और प्रमोद राय के बीच झगड़ा था। हम लोगों को इससे कोई लेना-देना नहीं था। आज प्रमोद राय और उसके पक्ष के लोग मेरे दरवाजा पर आकर ईंट-पत्थर चलाने लगे।

**पुलिस के सामने गोली चलाने का आरोप :** विरोध किया, तो फायरिंग शुरू कर दी। पहले एक गोली मेरे हाथ में लग गई और दूसरी बुलेट मेरे भइया के गर्दन में लग गई। दीपक का आरोप है कि पहले से हो रहे झगड़े के कारण मेरे चाचा लक्ष्मण राय ने फोन करके डायल-112 को बुलाया था। जिस समय गोलीबारी हो रही थी, उस समय पुलिस वहीं मौजूद थी और पुलिस के सामने ही उन लोगों ने गोली चलाई। लेकिन पुलिस रोकने के बदले भाग गई। एसपी मनीष के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। मुख्यालय डीएसपी निखिल कुमार ने कहा है कि आज एक ही जाति के 2 पक्षों के बीच फायरिंग हुई है। जिसमें एक की गले में गोली लगने से मौत हो गई है।

## चलती ट्रेन से फिसली युवती, आरपीएफ जवान ने बचाई जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार रात रेल हादसा टल गया। प्लेटफार्म नंबर-1 पर जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस आई थी। ट्रेन जब स्टेशन से निकलने लगी तो एक युवती चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया। वो प्लेटफार्म और ट्रैक के बीच आने वाली थी। प्लेटफार्म पर उप निरीक्षक संतोष कुमार मौजूद थे। उन्होंने तुरंत युवती को खींचकर बचा लिया। युवती की पहचान शिद्रा बेगम (25) के रूप में हुई है। जो रिश्तेदार को ट्रेन पर बैठाने के लिए आई थी।

**ट्रेन कब चल पड़ी पता नहीं चला :** महिला ने बताया कि मैंने रिश्तेदार को ट्रेन में बैठा दिया था। ट्रेन कब चल पड़ी मुझे पता नहीं चला। मै जब तक दरवाजे तक पहुंची, ट्रेन ने थोड़ी स्पीड पकड़ ली थी। मैंने सोचा कि अभी ज्यादा देर नहीं हुई है, मैं उतर सकती हूं। मैंने जैसे ही पैर नीचे रखा मेरा बैलेंस बिगड़ गया। मालदा मंडल ने भी अपने कर्मी की इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## पत्नी से विवाद के बाद पति की मौत

**बांका ।** बांका के बेलहर प्रखंड अंतर्गत जिलेबियामोड़ थाना क्षेत्र के निमिया गांव में रविवार की शाम 28 साल के युवक की मौत कीटनाशक पदार्थ खाने से हो गई। 2 दिन पहले ही फोन पर पत्नी से विवाद हुआ था। मृतक की पहचान स्वर्गीय अनिल ठाकुर का बेटा रोहित कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित कुमार ठाकुर का 2 दिन पहले अपनी पत्नी से फोन पर विवाद हुआ था। इसके बाद रविवार को उसने घर में सल्फास खा लिया। कुछ समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल, बांका पहुंचाया।

**ऑटो चलाकर जीवनयापन करता था :** वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अमरपुर रेफरल अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अमरपुर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित गांव में किराये पर ऑटो चलाकर अपना जीवनयापन करते थे। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में एक भाई अमित ठाकुर हैं, जो अलग रहते हैं। करीब एक वर्ष पूर्व रोहित की शादी खड़गपुर में हुई थी, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही उनकी पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद दोबारा वापस लौटकर घर नहीं आई।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 04.06.2026; मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: टीएन-98-26-27; कार्य का नामः डीईएन/III/एसडीएएच के अधिकार क्षेत्र में रानाघाट-गेदे अनुभाग में रूफ कवर्ड आरसीसी यू-ट्रॉफ सहित आरसीसी बॉक्सों द्वारा सीमित ऊंचाई के सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट सं. 69 का उन्मूलन। निविदा मूल्य : रु. 8,70,37,219.44; ईएमडीः रु. 17,40,800; कार्य समापन अवधिः 6 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 30.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-72/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चेन स्नेचिंग करते युवक धराया, भीड़ ने की पिटाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में रविवार की रात चेन स्नेचिंग करते युवक को लोगों ने पकड़ लिया, फिर उसकी पिटाई कर दी। बताया जा रहा कि एक महिला बाजार में खरीदारी कर रही थी। उसने गले में सोने की चेन पहन रखी थी। युवक ने उसके गले से सोने की चेन झपटने की कोशिश की। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुटे। लोगों ने युवक को पकड़ लिया। मौके पर तुरंत भीड़ जुट गई। लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र वेरायटी चौक की है।

**पुलिस ने भीड़ से युवक को निकाला :** सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद युवक को लोगों के चंगुल से मुक्त कराया। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद महिला और अन्य लोगों से मामले की जानकारी ली और आरोपित युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। घटना के कारण कुछ देर तक वेरायटी चौक पर लोगों की भीड़ लगी रही और यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और युवक की पहचान और उसके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक किसी ने लिखित आवेदन नहीं दिया है।

**युवक को हिरासत में लिया गया है :** पीड़ित महिला ने बताया कि मैं बाजार में खरीदारी करने आई थी। इसी दौरान पीछे से एक युवक गले से सोने की चेन खींचने लगा। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि आरोपित युवक को हिरासत में लिया गया है। महिला या किसी स्थानीय व्यक्ति की ओर से अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 128 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी।

## रंगदारी नहीं देने पर मारपीट, दो गिरफ्तार

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वसुदेवपुर में रंगदारी नहीं देने पर एक परिवार के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शुभम कुमार और विनीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने पीड़ित परिवार से एक लाख रुपये रंगदारी की मांग की थी। रुपये नहीं देने पर घर में घुसकर एक बुजुर्ग और एक महिला के साथ मारपीट की गई तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## मानवीय मूल्य ही सफलता की असली कुंजी : डॉ. गौतम

**बेगूसराय।** विष्णुपुर स्थित प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। आयोजन में माया कौशल्या फाउंडेशन की भूमिका रही। संगोष्ठी में स्नातक सेमेस्टर-5 के इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. गौतम कुमार ने व्यवहारिक शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-445, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-445, कार्य का नामः 3 वर्षों की अवधि के लिए दैनिक सफाई एवं संचालन के लिए एमएलडीटी, एसबीजी, सीएलजी, बीजीपी, जेएमपी, मुंगेर, एसबीआरपी, एसबीओ स्टेशनों में स्वचालित सीढ़ियों तथा लिफ्टों की मैनिंग। निविदा मूल्यः रु. 3,01,72,809.10; बयाना राशिः रु. 3,00,900; निविदा दस्तावेज की कीमतः शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः 22.06.2026 से 06.07.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-80/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-434, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-434, कार्य का नामः एमएलडीटी मंडल के तहत विभिन्न एली गेटों में एटी विद्युत आपूर्ति का प्रावधान तथा पैनल रूम में एटी विद्युत आपूर्ति का मजबूतीकरण। निविदा मूल्यः रु. 93,94,513.06; बयाना राशिः रु. 1,87,900; निविदा दस्तावेज की कीमतः शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः 15.06.2026 से 29.06.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-78/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-435, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-435, कार्य का नामः (1) बराहाट-मन्दारहिल अनुभाग के बीच पंजवारा रोड हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (2) हंसडीहा-पीवाईएचटी अनुभाग के बीच गंगवारा हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (3) हंसडीहा-नोनीहाट अनुभाग के बीच कुरमाहाट हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। (4) भागलपुर-टिकानी अनुभाग के बीच गोनुधाम हॉल्ट स्टेशन में क्रॉसिंग स्टेशन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। निविदा मूल्यः रु. 2,87,62,408.76; बयाना राशिः रु. 5,75,300; निविदा दस्तावेज की कीमतः शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः 15.06.2026 से 29.06.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन के कार्यालय के सूचना पट्ट पर। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-76/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसइंबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 112_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीचे उल्लेखित स्थानों में टीएफटीआर-10.760 टीकेएम-एसएनटी-एनएचटी : अप 88.000-90.500=2.500 किमी; डाउन 88.000-88.070=0.070 किमी, 88.130-88.433=0.303 किमी., 88.553- 88.625=0.072 किमी., 88.736-90.140 =1.404 किमी.; एनएचटी-बीडीएजी: डाउन 124.00-125.600=1.600 किमी., 126.000 -127.500=1.500 किमी., 154.130-154.296 =0.166 किमी., 155.800-156.000=0.200 किमी., 156.600-156.750=0.150 किमी.; अप 126.000-128.000=2.000 किमी., 154.545-154.955=0.410 किमी., 170.450-170.635 =0.185 किमी., 171.060-171.260=0.200 किमी.। अनुमानित लागत: रु.17,09,85,917.88; बयाना राशि: रु. 34,19,700। क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 113_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधीन एईएन/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नीचे उल्लेखित स्थानों में टीएफटीआर-2.192 टीकेएम-केएएन-एसएनटी: अप 20.705-20.956=0.251 किमी; डाउन 20.705-20.956=0.251 किमी; एसएनटी-एनएचटी: अप 86.990-88.000=1.010 किमी, डाउन 87.000-87.680=0.680 किमी। अनुमानित लागत: रु. 3,48,39,257.80; बयाना राशि: रु. 6,96,800। क्रमांक 3, ई-निविदा सं.: 114_2026-27, दिनांक 04.06.2026, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/1/हावड़ा एवं सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन वेल्डिंग हिस्से की आपूर्ति। अनुमानित लागत: रु. 3,85,45,864; बयाना राशि: रु. 7,70,900। निविदा प्रपत्र की कीमतः प्रत्येक के लिए शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने (क्रमांक 1 के लिए), 8 महीने (क्रमांक 2 के लिए) तथा 12 महीने (क्रमांक 3 के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 29.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-135/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0– 1, औरंगाबाद।**
Email ID :- eercdaurangabad01@gmail.com, ee-rd-aurangabad-bih@nic.in
Mobile No. + 91-9470001281

**नोटिस**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद के क्षेत्राधीन विभिन्न पथों 1. अम्बा नबीनगर पथ के प्रथम कि0मी0, 2. अम्बा नबीनगर पथ के 17वें कि0मी0, 3. गया पंचानपुर दाउदनगर पथ के प्रथम कि0मी0, 4. ओल्ड जी0टी0 रोड पथ के प्रथम एवं तृतीय कि0मी0 तथा 5. बारूण दाउदनगर पथ के 27वें से 29वें कि0मी0 तक में स्थानीय लोगों/फुटपाथी दुकानदार/ठेला/स्थानीय बिक्रेताओं, बालू लदे ट्रक्टर आदि द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया गया है।

उक्त को सूचित किया जाता है कि विभिन्न पथों को यथाशीघ्र अतिक्रमणमुक्त किया जाय, अन्यथा बाध्य् होकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही इन पथों के अलावे अस्थायी अतिक्रमणकारियों को निदेशित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद के अन्य पथों में भी किये गये अतिक्रमण से पथों को अतिक्रमणमुक्त करें।

इसे सर्वोच्य प्राथमिकता दी जाय।

PR. No. 005217 (RCD) 2026-27

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल सं0–1, औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
nagarparishad.daudnagar@gmail.com

**जन साधारण हेतु आवश्यक सूचना**

1. एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत सभी 27 वार्डो को "SBM ODF+" घोषित किया जाता है, एवं नगर परिषद्, दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत सभी 27 वार्डो में खुले में शौच करना एवं खुले में पेशाब करना दण्डनीय अपराध है। ऐसा कृत्य करते हुए पाये जाने पर 500 रू० (पाँच सौ रूपया) तक की जुर्माना की राशि वसुल की जायेगी तथा विभागीय नियमानुसार कानुनी कारवाई की जायेगी।

2. एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान, सड़क, गली, बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैण्ड अथवा भीड़ वाले स्थानों पर पान/गुटखा खाकर थुकना (Redspot), खुले में पेशाब करना (Yellowspot), पूर्णतः प्रतिबंध एवं दण्डनीय अपराध है। उक्त कृत्य करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति से 500 रू० (पाँच सौ रूपया) तक का जुर्माना वसुला जायेगा। तथा विभागीय नियमानुसार कानुनी कारवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, दाउदनगर

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 005220 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2026-27**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 03.06.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 12.06.2026, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 16.06.2026, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.06.2026 अपराह्न 11:00 बजे पूर्वाह्न में (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में सुखाड़ की स्थिति एवं जिलों में जलस्तर के गिरावट के कारण पेयजलापूर्ति हेतु नये चापाकलों का निर्माण कार्य। | | | | | |
| 1 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा GPT चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**09** अदद। (ii) 125/115 mm x 70 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**20 अदद।** | 30.23000 | 0.60500 | 5000 | 590 | 3 माह |

7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समयः तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
8. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar वेववाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को www.eproc2.bihar.gov.in पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

PR. No. 005174 (PHED) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### सीईटी-बीएड परीक्षा में 90.74 % अभ्यर्थी शामिल

**आरा ।** आरा विभिन्न विश्वविद्यालयों के सरकारी एवं निजी बीएड कॉलेजों में दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी-बीएड 2026) रविवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। आरा शहर में परीक्षा के लिए कुल 10 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। कुल 7330 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 6651 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 679 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में कुल उपस्थिति 90.74 प्रतिशत दर्ज की गई। सबसे अधिक 960-960 अभ्यर्थियों का केंद्र एसबी कॉलेज, मौलाबाग तथा महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय रहा।

### चार माह से वेतन नहीं, शिक्षकों ने उठाई आवाज

**आरा ।** आरा बिहार के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों की इसी समस्या को उठाते हुए वीर कुंवर सिंह विवि के अंगीभूत सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज, भभुआ के शिक्षक संघ सचिव डॉ. अजीत कुमार राय ने मुख्यमंत्री को खुला पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में डॉ. राय ने कहा है कि राज्य में शिक्षा के विस्तार और नए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि चार माह से वेतन लंबित रहने के कारण हजारों शिक्षक और उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

### जगदीशपुर में 16 जून को तीन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, डीएम करेंगे सुनवाई

**आरा ।** जगदीशपुर प्रखंड के तीन पंचायतों में 16 जून को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में काफी संख्या में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी तथा मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। दलिपपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया मौजूद रहेंगे और लोगों की शिकायतों की सुनवाई करेंगे। वहीं उतरवारी जंगल महाल पंचायत के दुलौर गांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में डीआरडीओ निदेशक लोकप्रकाश तथा ककीला पंचायत सरकार भवन में सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राहुल भूषण आम जनता की समस्याएं सुनेंगे। शिविर के सफल संचालन के लिए प्रखंड प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों की तैनाती की है। प्रखंड कार्यालय के अनुसार अब तक 45 विभागों से कुल 971 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 150 लंबित हैं। जांच के बाद 807 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 14 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रांति कुमार ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है तथा अधिक से अधिक लोगों से शिविर में शामिल होने की अपील की है। जगदीशपुर प्रखंड के दलिपपुर, दुलौर एवं ककीला पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। प्रत्येक कैंप में एक डॉक्टर, तीन एएनएम सहित अन्य मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गयी है। शिविर में आने वाले सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। रेफरल अस्पताल, जगदीशपुर के चिकित्सक पदाधिकारी डा. एस. किशुन ने बताया कि इसके लिए रोस्टर तैयार कर लिया गया है और सभी कर्मियों की स्थानवार ड्यूटी निर्धारित कर दी गयी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है, ताकि समय पर बीमारियों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

### 61 वें सेवा सप्ताह पर दोहराया गया वृद्धाश्रम बनाने का संकल्प

**बक्सर ।** भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक बक्सर द्वारा रविवार को अपने 61वें सप्ताह के सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रसाद स्वरूप निःशुल्क भोजन कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेवा और सामाजिक सहयोग की भावना के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान मो. आलम (पप्पू जी), मिंटू सिंह (मंझरिया), गुप्तेश्वर पटेल और संस्थान के अध्यक्ष दीना नाथ ने प्रस्तावित वृद्धाश्रम निर्माण से जुड़ी कागजी प्रक्रिया और अन्य जानकारियां साझा कीं। इस दौरान वृद्धाश्रम निर्माण को लेकर अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन समाजसेविका श्यामला पाठक, रीना राय, मदन मोहन वर्मा तथा हाफी इमरान शामशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मऊ से श्रमदान करने पहुंचे आशुतोष वर्मा, अधिवक्ता अकरम, शिक्षक अजीत कुमार और भरत गोंड ने कहा कि भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान द्वारा समाजहित में किया जा रहा यह प्रयास काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता और सेवा समाज की बड़ी जिम्मेदारी है तथा इस तरह के कार्य लोगों के लिए प्रेरणा का माध्यम बनते हैं। प्रमोद केशरी और दिव्यांग संघ बक्सर जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि संस्थान समाज के लिए बेहतर कार्य कर रहा है और ऐसे प्रयासों को आम लोगों का सहयोग मिलना चाहिए।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सह महायज्ञ का आज होगा शुभारंभ, निकाली जाएगी शोभायात्रा

**बक्सर।** सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम बक्सर की ओर से आयोजित 18 में धर्म आयोजन के अंतर्गत श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह 7 बजे नगर भ्रमण हेतु जल भरी सह कलश शोभा यात्रा भगवान श्री रामेश्वर नाथ मंदिर रामरेखा घाट से निकल जाएगी। यात्रा का मार्ग रामरेखा घाट से होते हुए पीपी रोड, मुनीम चौक, पुराना सदर अस्पताल रोड से यमुना चौक होते हुए पुलिस चौकी तथा पुलिस चौकी से अपने गंतव्य स्थान कैलाश मंडपम श्री रामेश्वर नाथ मंदिर में प्रस्थान करेगी। कलश यात्रा में शामिल हुए सभी श्रद्धालुओं को वैदिक विधि विधान द्वारा कलश स्थापना की विधि प्रारंभ होगी, उसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। संध्या 3 बजे से संत सम्मेलन और संध्या 4 बजे से श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा होगी। विश्व शांति एवं सभी के लिए कल्याणकारी मार्ग प्रशस्त करने हेतु समिति सभी लोगों से आग्रह करती है कि अधिक से अधिक संख्या में सभी लोग शामिल हों।

### धधका पेट्रोल पंप गोदाम, लाखों का मोबिल जला

**बक्सर ।** शहर के चरित्रवन स्थित मां अंबे फ्यूल सेंटर पेट्रोल पंप के गोदाम में रविवार की शाम करीब 7:30 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम में रखा करीब 25 लाख रुपये मूल्य का मोबिल जलकर राख हो गया। आग की चपेट में पेट्रोल पंप के समीप खड़ी 5 से 6 चार पहिया गाड़ियां भी आ गईं। वे पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। उन्होंने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। इसके बाद विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना को लेकर पेट्रोल पंप संचालक कमलेश पाल और भाजपा नेता सोनू राय ने अग्निशमन विभाग की गाड़ियों के देर से पहुंचने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यदि दमकल की गाड़ियां समय पर पहुंच जातीं तो नुकसान कम हो सकता था। हालांकि मौके पर मौजूद अग्निशमन पदाधिकारी सत्यदेव सिंह ने बताया कि दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग किन कारणों से लगी, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# किसान की पीट-पीटकर हत्या जमीन का चल रहा था विवाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर में किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। किसान का पट्टीदार से जमीन विवाद चल रहा था। परिवार का आरोप है कि उन्हीं लोगों ने मर्डर किया है। परिजन के अनुसार बुजुर्ग रविवार की रात दालान पर सोने गए थे। देर रात पट्टीदार गए और उन्हें घर से करीब 300 मीटर दूर ले जाकर बुरी तरह से पीटा। सिर के दोनों तरफ चोट है। दोनों बांह और पैर पर भी जख्म है। आरोपी किसान को अधमरा कर छोड़ गए थे। सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक महादेव चक गांव वार्ड नंबर-10 निवासी बलिराम महतो (65) हैं। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के महादेव चक गांव की है।

**बेटे ने पिता को बेहोश देखा :** मृतक के छोटे बेटे अखिलेश महतो ने कहा कि पिता रात में खाना खाने के बाद रोज की तरह दालान में सोने चले गए थे। इसी बीच उनपर पट्टीदारों ने हमला किया। सुबह मैं जब दालान की ओर गया तो पिता बेहोश पड़े थे। उन्हें काफी चोटें लगी थी। उनकी स्थिति गंभीर थी। मैंने तुरंत परिवार के बाकी लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता को लेकर सदर अस्पताल पहुंचा। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उनका इलाज चल रहा था, पर उनकी जान नहीं बची।

**पुलिस अस्पताल पुहंची :** घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह और कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजन से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने अपनी जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के बेटे अखिलेश ने पट्टीदार रणविजय-अमरजीत और इनके परिवार के अन्य सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी आशा देवी और पांच बेटे अखिलेश महतो, मिथिलेश महतो, कुणाल महतो, रवि महतो, रौशन महतो और एक हेटी रेखा कुमारी है।

# डाक्टर वीडी सिंह में शिक्षकों के सातों गुण थे



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** डाक्टर श्रीकृष्ण सिंह स्मृति न्यास परिषद् आरा के तत्वावधान में दिवंगत शिक्षक सह साहित्यकार डा वीडी सिंह के निधन के संदर्भ में श्रद्धांजलि सभा हुई। अध्यक्षता डा राम बहादुर शर्मा ने की। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि डा वीडी सिंह का निधन हिंदी जगत की अपूरणीय क्षति है। एक आदर्श शिक्षक में सात गुण अपेक्षित हैं। श्लोक भी है। विद्वता, दक्षता शीलं, संक्रांतिःअनुशीलनम्। शिक्षकस्य गुणा सप्तः, सचेतस्त्वं, प्रसन्नताः। डा वीडी सिंह में ये सातों गुण थे। इसलिए वे आदर्श शिक्षक के विग्रह थे। आरा के जैन स्कूल में उनकी गिनती अच्छे शिक्षक के रूप में होती थी। डा राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि डा वीडी सिंह नेक दिल इंसान थे। डा जितेन्द्र कुमार ने कहा कि वे शिक्षक और उच्च कोटि के साहित्यकार भी थे। डा बलिराज ठाकुर ने कहा कि उनकी रचनाधर्मिता, आदर्शवादिता हम सबके लिए उदाहरणीय है। यह अनुकरणीय भी है। डा सत्य नारायण राय ने कहा कि वे मानवता के पुजारी थे। डा उमेश राय ने कहा कि डा वीडी सिंह की सहृदयता हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

# साइकिल रैली में स्वास्थ्य और पर्यावरण का दिया संदेश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** विश्व साइकिल दिवस पखवाड़े के तहत क्रीड़ा भारती बक्सर द्वारा केंद्रीय मार्गदर्शन के अनुरूप "संडेज ऑन साइकिल अभियान" के अंतर्गत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली सिपाही घाट मैदान और जेल रोड से शुरू होकर सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में युवाओं सहित हर उम्र के लगभग 90 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इनमें सबसे अधिक संख्या युवाओं की रही। पूरे रास्ते "साइक्लिंग करना जरूरी है" के नारों से लोगों को जागरूक किया गया। रैली के समापन स्थल पर शिक्षाविद् सह क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री डॉ रमेश कुमार ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा और प्राकृतिक ऊर्जा के संरक्षण के लिए नियमित साइक्लिंग बेहद जरूरी है। मौके पर भोजपुर विभाग संयोजक अरविंद सिंह, सह मंत्री संदीप आर्य, आशुतोष ओझा, हेमंत, ट्रेनर अनिकेत राय, कोच राज यादव, महंत संजय दास, अभिषेक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# यातायात नियम तोड़ने वालों की अब सीधे करें शिकायत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर ।** यदि आपके आस-पास कोई यातायात नियमों का उल्लंघन करता है, तो आप आसानी से उसकी शिकायत सीधे परिवहन विभाग से कर सकते हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए बिहार सरकार के परिवहन विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब आम नागरिक भी सड़क सुरक्षा के प्रहरी की भूमिका निभा सकेंगे। परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए विशेष व्हाट्सएप नंबर और ई-मेल आईडी जारी की है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति सड़क पर ओवरस्पीडिंग करता दिखे, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाता दिखे, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करता दिखे, रैश ड्राइविंग करता दिखे, गलत दिशा में वाहन चलाता दिखे, या मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाता दिखे, तो आम नागरिक उसका फोटो या वीडियो बनाकर विभाग को भेज सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। यातायात नियमों के पालन की संस्कृति को मजबूत बनाना भी लक्ष्य है। विशेष बात यह है कि शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इससे नागरिक बिना किसी भय या दबाव के नियम उल्लंघन की जानकारी प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। परिवहन विभाग का मानना है कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित और अनुशासित बनेगी। परिवहन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क सुरक्षा से जुड़ी इस पहल में आम लोगों की भागीदारी से सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद जताई गई है। इस प्रकार करें शिकायत : विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग ने इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 9153971897 तथा ई-मेल आईडी commandcontrolcenterbihar@gmail.com उपलब्ध कराई है। नागरिक इन माध्यमों से नियम उल्लंघन से संबंधित साक्ष्य भेजकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। विभाग का कहना है कि प्राप्त शिकायतों की जांच के बाद संबंधित वाहन चालक या वाहन मालिक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विजय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा ।** बिहार नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों का चुनाव शनिवार को होटल आरा एक्सोटिका में हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा की। चुनाव बिहार नेटबॉल एसोसिएशन के नियम एवं विनियमों के तहत आयोजित किया गया। घोषित परिणामों के अनुसार विजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, अनुपम कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा अनिरुद्ध कुमार एवं कुमारी वंदना को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।सचिदा कुमार सिंह महासचिव, कुश कुमार त्रिपाठी और शुभांजलि शुक्ला संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित हुए। कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में निशांत कुमार, राज किशोर गुप्ता, रोहित आनंद (एथलीट), जय सिंह, नेहा कुमारी (एथलीट), विकास कुमार (एथलीट) तथा खुशबू कुमारी (एथलीट) को चुना गया। आनंद कुमार यादव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया का संचालन रिटर्निंग अधिकारी अधिवक्ता तारकेश्वर नाथ ठाकुर ने किया, जबकि अधिवक्ता कमलेश दत्त पांडेय सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ तथा सभी पदों के लिए निर्वाचित उम्मीदवारों को विधिवत निर्वाचित घोषित किया गया। इस चुनाव में राज्य के विभिन्न जिलों से आए नेटबॉल से जुड़े प्रतिनिधियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई और बिहार में नेटबॉल खेल के विकास तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। नेटबॉल सात-सात खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच खेला जाने वाला तेज़ और रणनीतिक खेल है। इसमें गेंद को पास करते हुए गोल रिंग में डालकर अंक बनाए जाते हैं। यह गैर-संपर्क (नॉन-कॉन्टेक्ट) खेल है, जिसमें 3 सेकंड के भीतर पास देना, निर्धारित क्षेत्र में खेलना तथा सुरक्षा के लिए छोटे नाखून और बिना आभूषण के खेलना अनिवार्य होता है।

# कैमूर के बाद राज्य में दूसरा सबसे गर्म जिला रहा बक्सर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** शनिवार को गरज के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं रविवार को मौसम शुष्क रहने से उमस भरी गर्मी रहा। कैमूर के बाद राज्य में सबसे गर्म जिला बक्सर रहा। अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की कमी हुई। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह की हवा में नमी थी। कुछ ही देर बाद तीखी धूप निकल आई, जिससे उमसभरी गर्मी पैदा होने लगी। हालांकि बारिश होने के बाद तापमान में 0.3 डिग्री की कमी दर्ज की गई, पर गर्मी से राहत नहीं मिली और आमजन पूरे दिन गर्मी का सितम झेलते रहे। दोपहर में तीखी धूप होने के कारण शहर की सड़कें खाली दिखाई दी। मौसम में उतार-चढ़ाव होने से लोग मौसम के साथ समन्वय स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, जिसका असर सेहत पर पड़ रहा है।12 जून तक रोजाना तापमान में वृद्धि होने का पूर्वानुमान है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, इसके बाद तापमान में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है।

# राम वनवास के मार्मिक प्रसंग को सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** श्रीराम विवाह महोत्सव आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के विशेष प्रसंग में वृन्दावन धाम से पधारे सन्त श्री कान्हा जी महाराज ने भगवान राम के वनवास का मार्मिक वर्णन किया। उपस्थित सभी श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सन्त श्री कान्हा जी महाराज ने कथा प्रवाह में बताया कि राजा दशरथ ने अपनी ढलती आयु को देखते हुए कुलगुरु वशिष्ठ की सहमति से श्रीराम के राजतिलक की तैयारी की थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। कथावाचक ने आगे कहा कि दासी मंथरा के बहकावे में आकर माता कैकेयी ने राजा दशरथ से भरत के लिए राजसिंहासन और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के लिए 14 वर्ष का कठिन वनवास मांग लिया। जैसे ही भगवान राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ तपस्वी भेष में वन की ओर प्रस्थान करने लगे, पूरी अयोध्या नगरी में हाहाकार मच गया। अपने प्रिय राजकुमार के विछोह में व्याकुल नगरवासी रोते-बिलखते उनके रथ के पीछे चल दिए। महाराज जी ने बताया कि अंततः गंगा किनारे केवट की अनन्य भक्ति और सेवा को स्वीकार कर प्रभु ने गंगा पार की, जिसके बाद भारी मन से अयोध्यावासी वापस लौटे। यह धार्मिक आयोजन महंत राजाराम बाबा जी के सान्निध्य में बक्सर की कविता जी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर डॉ. रामनाथ ओझा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अतिक्रमण, भूमि विवाद व शिक्षा से जुड़े आए मामले

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर के जासो रोड स्थित कमल सेवा केंद्र सह विधायक कार्यालय में रविवार को विधायक आनन्द मिश्र ने व्यापक जनसुनवाई आयोजित की। मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों को उनके समक्ष रखा। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण, भूमि विवाद, पुलिस एवं प्रशासनिक मामलों, शिक्षा, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं सहित विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े विषय प्रमुखता से सामने आए। सदर विधायक आनन्द मिश्र ने प्रत्येक मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया तथा अनेक मामलों में तत्काल अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पहल की। विधायक कार्यालय के हेल्पडेस्क द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का पंजीकरण कर उनके नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता सीडी शर्मा एवं भाजपा बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का कमल सेवा केंद्र में आगमन हुआ। उन्होंने विधायक कार्यालय की कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विकसित हेल्पडेस्क प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का कार्यालय केवल एक प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि जनआकांक्षाओं, जनविश्वास और जनसहभागिता का सशक्त माध्यम होना चाहिए। उन्होंने विधायक कार्यालय द्वारा संचालित जनसेवा की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जनता और प्रशासन के मध्य प्रभावी सेतु की संज्ञा दी। विधायक आनन्द मिश्र ने कहा कि जनसहयोग, जनसंवाद और जनसेवा के माध्यम से विकसित एवं समृद्ध बक्सर के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में लापता महिला का आधा जला शव बरामद, ससुराल वालों पर मर्डर का आरोप

**हाजीपुर**। वैशाली में 3 दिन से लापता महिला का आधा जला शव बरामद किया गया है। घटना जंदाहा थाना क्षेत्र के महिसौर गांव की है। मृतका की पहचान रीता देवी (37) के रूप में हुई। परिजनों ने रीता के ससुराल वालों पर मर्डर कर शव छिपाने का आरोप लगाया है। रीता देवी 5 जून की रात से लापता थीं। आधे जले शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। मौके पर पहुंची थाना अध्यक्ष चांदनी सवारियां ने तेज धूप का हवाला देते हुए मृतका के मायके वालों से जल्द शव को उठाने के लिए कहा। उन्होंने परिवार वालों से कहा, "मुझे तेज धूप लग रही है, जल्दी करो" इस बात से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रीता देवी की शादी साल 2007 में पप्पू राय उर्फ नंद किशोर राय से हुई थी। उनके ससुर उपेंद्र राय जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हैं। रीता की भाभी रेखा देवी के अनुसार, पप्पू राय ने किसी विवाद के कारण दूसरी शादी कर ली थी और रीता को अपने साथ नहीं रखना चाहते थे। मायके वालों का आरोप है कि इसी वजह से ससुराल वालों ने 5 जून की रात रीता की हत्या कर शव को गायब कर दिया। 6 जून को रीता देवी के मायके वाले महिसौर गांव पहुंचे, तो उन्हें घर पर कोई नहीं मिला और ससुराल वाले फरार पाए गए। मायके वालों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिसौर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भी तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। रीता देवी बखरी बराई गांव निवासी जगत राय की बेटी थीं। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने उन्हें बताया था कि रीता देवी ने सल्फर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी और उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया था। हालांकि, अधजला शव मिलने के बाद यह कहानी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। परिजनों के अनुसार, हत्या के बाद शव को घर से लगभग 500 मीटर दूर जलाया गया था। बचे हुए अवशेषों को बोरे में बांधकर 200 मीटर दूर एक गड्ढे में फेंक दिया गया था, जहां से बाद में उन्हें बरामद किया गया।

### गंडक नदी में डूबने से युवक की मौत, अंतिम संस्कार के बाद नहाते समय गहरे पानी में गया

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के कौनहारा घाट पर गंडक नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को हुई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर रजौली वार्ड नंबर 6 निवासी स्वर्गीय बिंदा चौधरी के पुत्र उमेश चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उमेश चौधरी शनिवार शाम को कौनहारा घाट पर एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। दाह संस्कार के बाद वे अन्य ग्रामीणों के साथ गंडक नदी में स्नान करने गए थे। स्नान के बाद सभी ग्रामीण अपने-अपने घर लौट गए, लेकिन उमेश चौधरी वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की और ग्रामीणों, दोस्तों व ससुराल में जानकारी ली, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। रात भर उनकी तलाश जारी रही। रविवार को परिजनों और ग्रामीणों ने दोबारा कौनहारा घाट पहुंचकर स्थानीय लोगों और नाविकों से पूछताछ की। नाविकों ने बताया कि रेत किनारे एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर शव की पहचान उमेश चौधरी के रूप में हुई। उनके कपड़े और चप्पल भी उसी स्थान पर मिले, जहां उन्होंने स्नान से पहले उतारे थे। पुलिस आशंका जता रही है कि स्नान के दौरान उमेश चौधरी का पैर फिसल गया होगा और वे गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### बुजुर्ग महिला बोलीं-सरकारी रिकॉर्ड में मुझे मृत घोषित किया, पेंशन रुकी, दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र की 75 साल की पवितर देवी का कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। जबकि, वह जीवित हैं और अपनी वृद्धावस्था पेंशन के लिए लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। वो पहले बिहार सरकार की मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना की लाभार्थी थीं। पिछले तीन महीनों से उनके बैंक खाते में पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। जब उन्होंने इसकी जानकारी लेने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि विभागीय सत्यापन जांच के दौरान उन्हें मृत दर्शाया गया है। इसी 'कागजी मौत' के कारण उनकी पेंशन तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए पवितर देवी ने कहा, "मुझे सबने मिलकर कागज पर मार दिया है। सरकारी कर्मियों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मैं जिंदा हूं। पिछले तीन महीने से वृद्ध पेंशन नहीं मिल रहा है।" उन्होंने बताया कि उनके परिवार में कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है। इस उम्र में भी वह दूसरों के घरों में चौका-बर्तन का काम करके अपना जीवन यापन कर रही हैं। सरकारी पेंशन उनके लिए एक बड़ा आर्थिक सहारा थी, जिसके बंद होने से उनके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और घोर लापरवाही पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे एक बेहद गंभीर और हास्यास्पद मामला बताते हुए कहा कि एक जीवित महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर देना प्रशासनिक तंत्र की आंखें मूंदकर काम करने की आदत को दर्शाता है। वकील झा ने बताया कि पवितर देवी कई महीनों तक अपनी फरियाद लेकर अधिकारियों के चक्कर लगाती रहीं, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली। थक-हारकर अब इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में मांग की गई है कि: 1 पवितर देवी की वृद्धजन पेंशन को बिना किसी देरी के जल्द से जल्द बहाल किया जाए। 2 इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते डिजिटल डेटा और भौतिक सत्यापन की इन गलती को नहीं सुधारा गया, तो कई अन्य जरूरतमंद और असहाय लोग भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। फिलहाल, यह मामला अब तूल पकड़ चुका है और देखना होगा कि जिला प्रशासन कब तक जागता है और पवितर देवी को कागजों पर दोबारा 'जिंदा' कर उनकी पेंशन शुरू करता है।

# मधुबनी में श्रम मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर हमला, 8 आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मधुबनी**। बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर रविवार शाम मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा क्षेत्र में हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में मंत्री के वाहन को नुकसान पहुंचा है, हालांकि मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दरभंगा रेंज के डीआईजी तथा मधुबनी के पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार खजौली विधानसभा क्षेत्र के ठहर गांव निवासी कृष्ण कुमार ठाकुर की हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देने के लिए मंत्री अरुण शंकर प्रसाद गांव पहुंचे थे। परिवार से मुलाकात के बाद जब मंत्री वापस लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उनके काफिले को घेर लिया। देखते ही देखते विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया और मंत्री के वाहन पर पथराव शुरू कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने मंत्री के काफिले को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे मंत्री की गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया और मंत्री को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। हमले के दौरान मंत्री के सुरक्षा कर्मियों और बॉडीगार्ड ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन इसे सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया गया। मधुबनी के पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि मंत्री मृतक युवक के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। लौटने के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अनुचित मांगें रखीं। मंत्री द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। एसपी के अनुसार कुछ लोगों ने महिलाओं को आगे कर दिया और उसके बाद पथराव शुरू हुआ, जिससे मंत्री के वाहन का शीशा टूट गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। घटना के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस वाहन की टक्कर से कृष्ण कुमार ठाकुर की मौत हुई थी, वह कथित तौर पर शराब कारोबारियों से जुड़ा हुआ था। ग्रामीण इस मामले में दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लोगों ने मंत्री के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान स्थिति अचानक उग्र हो गई और कुछ लोगों ने मंत्री के काफिले को निशाना बना लिया।

# पटना समेत 8 जिलों में तेज बारिश, मुंगेर, बेगूसराय में छाए बादल

**7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, बिजली भी गिर सकती है**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। भीषण गर्मी के बीच सोमवार को बिहार के कई जिलों का मौसम बदल गया है। पटना के मोकामा में आंधी और तेज बारिश हुई। अररिया, किशनगंज, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, शिवहर, बगहा और मोतिहारी में भी तेज बारिश हुई। मुंगेर में भी तेज हवा चल रही है और काले बादल छाए हैं। बेगूसराय में भी मौसम बदला है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि आज दोपहर बाद पटना समेत 7 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। बिहार में इस समय दो तरह का मौसम बना हुआ है। एक तरफ दक्षिण बिहार में तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशानी बढ़ी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून के बाद मौसम करवट लेगा और तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आ सकती है। इसके साथ ही 15 जून से प्रदेश में मानसून के आने की संभावना जताई जा रही है।

**40.5 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म**: बीते 24 घंटे में 2 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। 40.5 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म जिला रहा। जबकि रोहतास का पारा 40.4 डिग्री रहा। वहीं, बक्सर में 39.6 डिग्री और पटना में 38 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, अरवल और नवादा में 68Kmph की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। किशनगंज हल्की बारिश हुई।

# पटना-गया पैसेंजर ट्रेन में मिली 15 दिन की नवजात बच्ची

## यात्रियों की सतर्कता से बची जान

**चलती ट्रेन की सीट पर कपड़े में लिपटी रोती मिली मासूम, पुलिस ने बाल कल्याण समिति को सौंपा**





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। पटना-गया रेलखंड पर मानवता को झकझोर देने वाली एक मार्मिक घटना सामने आई है। रविवार की रात पटना से गया जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में लगभग 15 दिन की एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। मासूम बच्ची को ट्रेन की सीट पर कपड़े में लपेटकर छोड़ दिया गया था। उसकी लगातार रोने की आवाज सुनकर यात्रियों का ध्यान उसकी ओर गया, जिसके बाद पूरी घटना का खुलासा हुआ। यात्रियों की सजगता और संवेदनशीलता के कारण बच्ची की जान बच गई। बाद में उसे पुनपुन स्टेशन पर उतारकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रविवार रात पटना-गया सवारी गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान एक बोगी में बैठे यात्रियों को किसी नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी।

पहले लोगों ने इसे सामान्य समझा, लेकिन काफी देर तक रोने की आवाज बंद नहीं होने पर यात्रियों ने तलाश शुरू की। जांच के दौरान ट्रेन की एक सीट पर कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची मिली। आसपास उसके माता-पिता या कोई अभिभावक मौजूद नहीं था। बच्ची लगातार रो रही थी और पूरी तरह असहाय अवस्था में थी। घटना की जानकारी मिलते ही यात्रियों ने मानवता का परिचय देते हुए बच्ची की देखभाल शुरू कर दी। कुछ महिलाओं ने उसे गोद में लेकर शांत कराने का प्रयास किया, जबकि अन्य यात्रियों ने रेलवे और पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। ट्रेन के पुनपुन स्टेशन पहुंचने पर बच्ची को सुरक्षित उतारकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। सोमवार को पुनपुन थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं। इस दौरान तारेगना जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने भी विशेष सहयोग किया। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बच्ची को पटना स्थित बाल संरक्षण तंत्र के हवाले करने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस ने नवजात बच्ची को पटना स्थित बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की टीम को सौंप दिया। समिति के निर्देश पर बच्ची को अस्पताल ले जाकर उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। डॉक्टरों द्वारा की गई विस्तृत चिकित्सीय जांच में बच्ची पूरी तरह स्वस्थ पाई गई। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 15 दिन के आसपास प्रतीत होती है और वर्तमान में उसकी स्थिति सामान्य है।

बाल कल्याण समिति ने बच्ची की सुरक्षा और देखभाल को ध्यान में रखते हुए उसे संरक्षण गृह भेज दिया है। वहां उसकी उचित देखरेख, पोषण और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। समिति के अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के माता-पिता अथवा परिजनों की पहचान के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यदि कोई दावा नहीं करता है तो आगे की कार्रवाई बाल संरक्षण कानूनों के तहत की जाएगी।

# नेउरा बगीचा से 15.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्वाई, शराब आपूर्ति नेटवर्क की जांच शुरू**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। नेउरा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 15.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया है। कार्रवाई सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर नेउरा बगीचा क्षेत्र में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई को शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खासपुर निवासी नीरज कुमार (पिता-संजय प्रसाद), अदलीपुर निवासी पप्पू कुमार (पिता-देवानंद मांझी) तथा प्रमोद कुमार (पिता-बबन मांझी) के रूप में की गई है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 15.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की और तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

नेउरा थाना प्रभारी जगदीप राणा ने बताया कि क्षेत्र में शराब तस्करी और अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेउरा बगीचा इलाके में शराब की खेप पहुंचाई गई है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और अवैध शराब कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नेउरा थाना पुलिस ने कहा कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं शराब के अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# आज़ाद ग़ज़ल के जनक और प्रखर हस्ताक्षर हैं सिद्धेश्वर : अपूर्व कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। भारतीय काव्य-संस्कृति की परंपरा में समय-समय पर परिवर्तन और नए प्रयोग होते रहे हैं। पारंपरिक छंदों की सीमाओं को तोड़ते हुए जब महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने छंद का गहन ज्ञान होने के बावजूद पहली बार मुक्तछंद कविता लिखी, तब समकालीन रचनाकारों और संपादकों ने उसका घोर विरोध किया था। उस समय निराला ने कहा था कि वैचारिक प्रतिबद्धता के कारण कविता को छंद से कुछ आज़ादी चाहिए। यही आज़ादी आगे चलकर उनकी कविता की विशिष्ट पहचान बनी और उन्हें साहित्य के इतिहास-पुरुषों में प्रतिष्ठित कर गई। साहित्यिक संस्था भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित तथा यूट्यूब पर लाइव प्रसारित "हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन" की अध्यक्षता करते हुए युवा कवि अपूर्व कुमार ने उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने आज़ाद ग़ज़ल की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भी साहित्य में इस प्रकार के नए प्रयोग हो रहे हैं। पारंपरिक ग़ज़ल की परंपरा से आगे बढ़ते हुए महाकवि गोपालदास 'नीरज' ने 'गीतिका' तथा विख्यात शायर दुष्यंत कुमार ने हिंदी ग़ज़ल को नई पहचान दी। प्रारंभिक विरोध के बावजूद आज इन प्रयोगों को व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। हिंदी ग़ज़ल आज सर्वाधिक लोकप्रिय काव्य-विधाओं में से एक बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की नब्ज़ को पहचानते हुए वरिष्ठ कवि सिद्धेश्वर उर्दू और हिंदी ग़ज़ल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'आज़ाद ग़ज़ल' का सृजन कर रहे हैं। तमाम विरोध के बावजूद देशभर के अनेक कवियों ने आज़ाद ग़ज़ल कहना प्रारंभ कर दिया है। हृदय से निकली यह ग़ज़ल मात्राओं की स्वतंत्रता अर्थात बहर की आज़ादी के साथ रदिफ काफिया के साथ अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। पत्र-पत्रिकाओं, सोशल मीडिया और काव्य-मंचों पर इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। डॉ. गोरख प्रसाद मस्ताना ने उचित ही कहा है कि जिस प्रकार लघुकथा की स्वतंत्र पहचान स्थापित करने के लिए आज डॉ. सतीशराज पुष्करणा को स्मरण किया जाता है, उसी प्रकार आने वाले समय में आज़ाद ग़ज़ल के लिए सिद्धेश्वर को याद किया जाएगा। सिद्धेश्वर आज़ाद ग़ज़ल के जनक और उसके प्रखर हस्ताक्षर हैं।

समकालीन कविता के स्वरूप और आज़ाद ग़ज़ल पर विचार रखते हुए कार्यक्रम का संचालन कर रहे सिद्धेश्वर ने अपनी कुछ आज़ाद ग़ज़लें भी प्रस्तुत कीं—"जिंदगी, तू मौत से घबराती क्यों है? /जीने के पहले तू मर जाती क्यों है?/ रात को भला कैसे आएगी भरपूर रोशनी, /सूरज के सामने तू गिड़गिड़ाती क्यों है?"

ऑनलाइन आयोजित इस कवि सम्मेलन में शामिल अधिकांश कवियों ने आज़ाद ग़ज़लें प्रस्तुत कीं। इनमें प्रमुख थे— संतोष मालवीय, अपूर्व कुमार, डॉ. अनुज प्रभात, सपना चंद्रा, सिद्धेश्वर, रशीद गौरी, ऋचा वर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, राज प्रिया रानी, नंदकुमार मिश्र एवं निर्मला कर्ण ।

इसके अतिरिक्त ऑनलाइन उपस्थित रचनाकारों में दुर्गेश मोहन, लखन महतो, प्रणय सिंह, एकलव्य केसरी, सुनील कुमार पाठक, श्याम सुंदर अग्रवाल, सेवा सदन प्रसाद, कुलवंत मिश्रा, प्रो. शरद नारायण खरे, सुनील कुमार उपाध्याय, खुशबू मिश्रा तथा कल्पना सिंह आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुज प्रभात ने किया।

# भारतीय रेल ने कवच 4.0 के विस्तार में हासिल की बड़ी उपलब्धि 163 किलोमीटर नए सेक्शन पर शुरू हुई स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। भारतीय रेल ने रेल सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को 163 रूट किलोमीटर लंबे तीन नए रेल खंडों पर अत्याधुनिक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच वर्जन 4.0 को सफलतापूर्वक चालू कर दिया। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल में कवच प्रणाली का कुल दायरा बढ़कर 256.3 रूट किलोमीटर हो गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार कवच 4.0 को धनबाद एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत सरमाटांर-निमियाघाट (76 किमी), फ्लाईओवर केबिन-भभुआ रोड (43 किमी) तथा सासाराम-फेसर (44 किमी) रेल खंडों पर लागू किया गया है। यह कदम देश के सबसे व्यस्त और उच्च घनत्व वाले रेल मार्गों पर सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

भारतीय रेल लगातार अपने व्यस्त रेल नेटवर्क पर आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों को लागू कर रही है। कवच 4.0 के विस्तार से ट्रेनों की टक्कर रोकने, सिग्नल उल्लंघन को नियंत्रित करने और उच्च गति पर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार नए सेक्शनों के जुड़ने के बाद पूर्व मध्य रेल में कवच प्रणाली अब कुल 256.3 रूट किलोमीटर पर सक्रिय हो चुकी है, जिसमें पहले से चालू मानपुर-सरमाटांर (93.3 किलोमीटर) खंड भी शामिल है। कवच 4.0 से लैस नए रेल खंडों पर ट्रेन संचालन भी शुरू हो गया है। फेसर-सासाराम सेक्शन पर कवच प्रणाली के साथ पहली ट्रेन के रूप में 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का सफल संचालन किया गया। यह ट्रेन फेसर स्टेशन से सुबह 3:02 बजे गुजरी और 3:50 बजे सासाराम पहुंची। वहीं भभुआ रोड से फ्लाईओवर केबिन सेक्शन पर भी कवच प्रणाली के तहत सफल ट्रेन संचालन किया गया।

**◆ पूर्व मध्य रेल में कवच का दायरा बढ़कर 256.3 रूट किलोमीटर पहुंचा, ट्रेन संचालन होगा और अधिक सुरक्षित**

पूर्व मध्य रेल में कुल 4,238 रूट किलोमीटर पर कवच प्रणाली लगाने का कार्य चल रहा है। इनमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से प्रधानखंटा तक का 417 किलोमीटर लंबा महत्वपूर्ण रेल खंड भी शामिल है। यह रेल मार्ग देश के सबसे व्यस्त दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड ट्रंक रूट का हिस्सा है, जो उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री और मालगाड़ियां संचालित होती हैं तथा वर्तमान में यहां 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से ट्रेन संचालन की अनुमति है।



कवच 4.0 भारतीय रेलवे द्वारा विकसित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (ATP) प्रणाली का सबसे आधुनिक और उन्नत संस्करण है। इसे अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (RDSO) द्वारा अनुमोदित किया गया है तथा स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रमाणित भी किया गया है। यह प्रणाली माइक्रोप्रोसेसर, जीपीएस और रेडियो संचार तकनीक के समन्वय से कार्य करती है। यदि एक ही ट्रैक पर निर्धारित दूरी के भीतर दूसरी ट्रेन मौजूद होती है, तो यह प्रणाली लोको पायलट को चेतावनी देती है और आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगाकर दुर्घटना की संभावना को समाप्त कर देती है।

**कवच प्रणाली कई प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने में सक्षम है। यह—**

सिग्नल पासिंग एट डेंजर (SPAD) को रोकती है।

आमने-सामने, पीछे से और साइड टक्कर की संभावना समाप्त करती है।

ओवरस्पीडिंग पर स्वतः नियंत्रण रखती है।

खराब मौसम और कम दृश्यता में भी सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करती है।

गलत दिशा में ट्रेन चलने या रिवर्स मूवमेंट पर चेतावनी जारी करती है।

लेवल क्रॉसिंग गेट की जानकारी भी स्वतः उपलब्ध कराती है।

कवच 4.0 को विश्वस्तरीय SIL-4 (Safety Integrity Level-4) सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जिसे रेल सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्तर माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि विदेशी तकनीकों पर निर्भरता कम करते हुए देश के स्वदेशी सिग्नलिंग उद्योग को भी नई गति प्रदान करेगी।

भारतीय रेल का कहना है कि कवच प्रणाली का तेजी से विस्तार सुरक्षित, स्मार्ट और आत्मनिर्भर रेलवे के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले वर्षों में इसे देश के अधिकाधिक रेल मार्गों पर लागू किया जाएगा, जिससे करोड़ों यात्रियों को और अधिक सुरक्षित रेल यात्रा का अनुभव मिल सकेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कवच 4.0 का विस्तार भारतीय रेल की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत आधुनिक तकनीक के माध्यम से दुर्घटनाओं को न्यूनतम करते हुए रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल बनाया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा पर हाई कोर्ट संतुष्ट, गजट अधिसूचना जल्द जारी करने का निर्देश

**एजेंसी। रांची**




झारखंड के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गई है और इस संबंध में सरकार द्वारा संकल्प (रेजोल्यूशन) भी जारी किया जा चुका है। सरकार के इस पक्ष को रिकॉर्ड पर लेते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि उक्त संकल्प की गजट अधिसूचना अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, तो उसे शीघ्र जारी किया जाए। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जनहित याचिका में उठाई गई मूल मांग अब पूरी हो चुकी है। ऐसे में याचिका को आगे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। दरअसल, यह जनहित याचिका विदेश कुमार धान की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने अदालत में पक्ष रखते हुए राज्य के सभी अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया था। सरकार ने स्पष्ट किया कि योजना को लागू करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और इसके तहत पात्र अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मामले की पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से यह मुद्दा उठाया गया था कि राज्य सरकार ने प्रारंभिक चरण में केवल एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी से जुड़े लगभग 15 हजार अधिवक्ताओं को ही योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय लिया है, जबकि झारखंड में करीब 33 हजार अधिवक्ता कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता ने सभी अधिवक्ताओं को योजना का लाभ देने तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने की मांग की थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया था कि एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी के सदस्य सभी अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने यह भी बताया था कि अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जा चुके हैं और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुछ समय पूर्व राज्य के अधिवक्ताओं के साथ सीधा संवाद किया था। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया था। इसके बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय लिया गया। सरकार के इस निर्णय के तहत एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्टी कमेटी से जुड़े लगभग 15 हजार अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। उच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी के बाद अब योजना की गजट अधिसूचना जारी होने की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। माना जा रहा है कि इससे योजना के क्रियान्वयन को कानूनी और प्रशासनिक रूप से और अधिक मजबूती मिलेगी तथा राज्य के हजारों अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

# झारखंड में गर्मी और उमस से लोग परेशान, 11 को बारिश की संभावना

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। राज्य के कुछ इलाकों में हुई बारिश के कारण राहत रही, लेकिन बाकी हिस्सों में प्रचंड गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग ने 11 जून को राज्य के उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती हिस्सों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चल सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**एक दो दिनों में पश्चिम बंगाल पहुंचेगा मानसून-** दक्षिणी पश्चिमी मानसून देश के पश्चिम मध्यवर्ती और पूर्वी मध्यवर्ती अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। इसके अगले एक-दो दिनों में पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में पहुंचने को लेकर परिस्थितियां बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश देवघर जिले के सिकटिया में 39.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.9 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**टेम्परेचर अपडेट-** सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 26.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 40.9 और न्यूनतम 27.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# लीड कनेक्ट इवॉल्व में छात्रों ने सीखी बोलने की कला



**रांची।** जेसीआई रांची की ओर से वन टीम वन विजन और लीड कनेक्ट इवॉल्व 26 के तहत नौवीं से 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्पीक टू लीड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को जेसीआई कार्यालय में आयोजित किया गया। यह जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता जेसी रवि सामोता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों को मंच पर बोलने के डर से उबरने, प्रभावी पब्लिक स्पीकिंग की कला सीखने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि बेहतर संवाद कौशल न केवल स्कूल स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, समूह चर्चाओं और प्रस्तुतियों में मदद करता है, बल्कि भविष्य में कॉलेज प्रवेश और नौकरी के साक्षात्कारों में भी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देताा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, निर्णय लेने की योग्यता बढ़ाने, टीम प्रबंधन की समझ विकसित करने और अकादमिक एवं व्यावसायिक जीवन में बेहतर संचार के महत्व से भी अवगत कराया गया। मौके पर प्रतिभागी विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। जेसी सीए अभिषेक केडिया (पूर्व जोन प्रेसिडेंट 2016 एवं जोन ट्रेनर) और जेसी सीए निखिल अग्रवाल (जोन ट्रेनर) दोनों विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रभावी संवाद के गुर सिखाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी आदित्य जालान (वीपी-ट्रेनिंग), जेसी ऋषभ अग्रवाल (डायरेक्टर-ट्रेनिंग), जेसी अभिनव अनूप गर्ग (प्रोजेक्ट चेयरमैन), जेजे आद्यंत टांटिया (जेजे चेयरमैन) सहित अन्य मौजूद थे।

# साकची गुरुद्वारा के कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह गांधी का निधन, शोक की लहर



**पूर्वी सिंहभूम।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी साकची के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह गांधी का सोमवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रायपुर में चल रहा था। अपने पीछे उन्होंने तीन बच्चों का पूरा परिवार छोड़ा है। मिलनसार स्वभाव के जसबीर सिंह गांधी के निधन की सूचना मिलते ही जमशेदपुर के सिख समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी साकची के प्रधान सरदार निशान सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार जसबीर सिंह गांधी कमिटी के एक बेहद सक्रिय और समर्पित सदस्य थे। उनका सहज और मिलनसार स्वभाव सभी को आकर्षित करता था। उनका अचानक चला जाना पूरे सिख समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वाहेगुरु उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनका अंतिम यात्रा मंगलवार को उनके आवास से निकलेगी। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। जमशेदपुर के विभिन्न सिख संगठनों और सामाजिक संगठनों ने सरदार जसबीर सिंह गांधी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# जलाभिषेक से गूंजा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना



**पूर्वी सिंहभूम।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में सोमवार को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित शिवालय में सहस्त्र घट जलाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गुलजार रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। संपूर्ण अनुष्ठान पुजारी विनोद पांडेय, अजय तिवारी और राकेश ओझा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं संचालन समिति के सक्रिय सदस्य साकेत गौतम और असीम पाठक ने संभाला। सहस्त्र घट जलाभिषेक में मुख्य यजमान के रूप में साकेत गौतम ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर शिव शंकर सिंह, अमित शर्मा, अरुण सिंह, शिवाकांत, राजेश, समरेश, राकेश सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बेलाजुड़ी वेयरहाउस के मजदूरों की मांगें मानी गईं, पूर्व मंत्री की पहल से हुआ समाधान

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



एमजीएम थाना क्षेत्र के बेलाजुड़ी स्थित जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वेयरहाउस में कार्यरत लगभग 60 मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को सुलझ गया। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां की पहल पर आयोजित बैठक में मजदूरों, कंपनी प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद मजदूरों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में कंपनी के डायरेक्टर मुकेश खंडेलवाल, मुखिया भागीरथी सिंह, मंडल अध्यक्ष सूरज साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मजदूरों की समस्याओं और उनकी मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए प्रबंधन के समक्ष ईएसआई, पीएफ, मेडिकल सुविधा, ओवरटाइम भुगतान, आठ घंटे की निर्धारित ड्यूटी और बीमा सुविधा लागू करने की मांग रखी। दुलाल भुईयां ने कहा कि मजदूर किसी भी उद्योग की रीढ़ होते हैं और उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को कानून के अनुसार सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनकी पहल पर कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों की प्रमुख मांगों को स्वीकार करते हुए आठ घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित करने पर सहमति दी। इसके अलावा निर्धारित समय से अधिक कार्य लेने पर ओवरटाइम भुगतान करने का भी आश्वासन दिया गया। बैठक में मजदूरों के लिए बीमा सुविधा उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी। वहीं कार्यरत दो महिला कर्मचारियों के मासिक वेतन में दो-दो हजार रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्य अवधि के दौरान मजदूरों को दो बार निःशुल्क चाय उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाएगी। कंपनी के डायरेक्टर मुकेश खंडेलवाल ने मजदूरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी जायज समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा और श्रमिकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बैठक के बाद मजदूरों ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल होने से वे संतुष्ट हैं। पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहा कि भविष्य में भी यदि मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वे उनके साथ खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और सभी पक्षों ने आपसी सहयोग के साथ काम करने पर सहमति जताई।

# राज्यसभा चुनाव : झामुमो, कांग्रेस और निर्दलीय ने दाखिल किया नामांकन

**एजेंसी। रांची**





झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने नामांकन दाखिल कर दिया। साथ ही और कांग्रेस के प्रत्याशी प्रणव झा ने भी नामांकन दाखिल किया। बैद्यनाथ राम ने विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कई अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में विधानसभा सचिव रंजीत कुमार को अपना नामांकन पत्र सौंपा। झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन का सोमवार को अंतिम दिन है। राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं, दूसरी ओर से उद्योगपति और पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने अपना नामांकन दाखिल कर लिया है। परिमल नाथवानी ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। उनके लिए एनडीए के विधायक प्रस्तावक बने। निर्दलीय नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 'झारखंड में मैं काम कर चुका हूं,इस बार मौका मिलेगा तो पहले से ज्यादा काम करूंगा। मेरे संबंध सबसे काफी अच्छे हैं।

# पिठोरिया फायरिंग का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार, देसी पिस्टल और बाइक बरामद




**एजेंसी। रांची**

रांची जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुरानी रंजिश और एक हत्या मामले में गवाही को लेकर हुए विवाद का परिणाम है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि दो जून की शाम करीब छह बजे कोकदोरो निवासी फिरोज अंसारी ने पिठोरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी,जिसमें कहा गया था कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और पुलिस जांच के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपित शोएब अंसारी उर्फ जुनुवा अंसारी (23) और अफसर अंसारी (22) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस ने फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2022 में फिरोज अंसारी के भतीजे की हत्या हुई थी। उस मामले में गिरफ्तार आरोपित अफसर अंसारी भी नामजद था। पुलिस के अनुसार, उसी मामले में गवाही और पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। आरोप है कि फिरोज अंसारी पर अदालत में गवाही नहीं देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और इसी रंजिश के चलते उन पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पूछताछ के दौरान फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इसके अलावा उन्होंने पिठोरिया और कांके थाना क्षेत्र में हुई कई अन्य आपराधिक घटनाओं में भी अपनी भूमिका होने की बात कबूल की है। पुलिस उन मामलों की भी जांच कर रही है और संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित अफसर अंसारी के खिलाफ पहले से हत्या सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपितों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच कर रही है तथा उनके अन्य सहयोगियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा स्थित मदन चक्की के समीप रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान फ्रांसिस बाकची उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फ्रांसिस बाकची गाढ़ाबासा में स्वर्गीय कामेश्वर झा के मकान में किराये पर रह रहा था। स्थानीय लोगों और परिजनों ने बताया कि उसकी शादी परसुडीह के करनडीह क्षेत्र की एक युवती से होने वाली थी, जिसकी तैयारियां भी चल रही थीं। बताया जाता है कि वह पहले भी वैवाहिक संबंध में रह चुका था, जो बाद में समाप्त हो गया था। परिजनों के मुताबिक फ्रांसिस पिछले कुछ महीनों से आर्थिक तंगी, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आगामी शादी के खर्चों को लेकर काफी तनाव में था। आर्थिक व्यवस्था करने के लिए उसने अपनी मारुति डिजायर कार बेचने की कोशिश की थी और बाद में करीब दो लाख रुपये में वाहन बेच दिया था। वह पहले एयरबेस लॉजिस्टिक्स में कार्यरत था और वर्तमान में गम्हरिया स्थित बीएमडब्ल्यू आईएसएल के यार्ड में काम कर रहा था।

# गुरु अर्जन देव जी की शहादत को लेकर छबील लगाकर बांटा शर्बत

**पूर्वी सिंहभूम।** सिख पंथ के पांचवें गुरु एवं शहीदों के सरताज गुरु अर्जन देव जी की 401वीं शहादत को समर्पित एक विशेष छबील का आयोजन सोमवार को जिला न्यायालय परिसर में किया गया। यह आयोजन जिला बार एसोसिएशन के सम्मानित अधिवक्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। छबील के दौरान राहगीरों, वादकारियों और न्यायालय आने वाले लोगों के बीच ठंडा शर्बत और चना प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सहित कई न्यायिक पदाधिकारियों ने भी प्रसाद ग्रहण कर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना काण्ड सख्या–97/25, दिनांक–23.10.2025, धारा–126(2)/115(2) / 117(2)/ 74/303(2)/352/351(2)/3(5) बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त कुणाल कुमार पिता–अजेस राम, सा0–नावाडीह, थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070


पुलिस अधीक्षक, पलामू

PR 381824 District(26-27).D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098 | WOMEN HELPLINE-1091
DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 | CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना (नोटिस)


Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मत्तहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)
(1) नाम व शिनाख्त पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1)
(2) किया है या करने का उस पर शुबहा है। — जो ब-मुजिब दफा ... मजमूअए ताजीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)
(3) नाम — और ब-तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ था यह कैफियत दी गई है कि (3)
(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब-तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जव
(4) मोकाम। — (4) मजकूर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकूर साकिन ब-मोकाम (5)
(6) इस अदालत व रूबरू मेरे। — अ-हजूर (6) ब-तारीख माह नालिश-मजकूर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो आज तारीख माह सन
(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag, Phone : 06546 - 263408 / 26160 (Fax), E-mail : prisonbab@gmail.com

नाम– (1) सौरभ कुमार दुबे, पिता–उपेन्द्र दुबे, सा0–पीपराकला, थाना व जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–164/2026, दिनांक–08.03.2026, धारा–69 बी0एन0एस0 2023 एवं 3 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–13.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–17.05.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 381787 Police (26-27)_D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ की जेल में मिले एचआईवी संक्रमित चार कैदी, कैसे पहुंचा संक्रमण?

**जांजगीर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला जेल में नियमित स्वास्थ्य जांच में




चार कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले दो कैदियों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उन्होंने आगे बताया कि इसके बाद जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अन्य कैदियों की स्क्रीनिंग कराई, जिसमें दो और संक्रमित पाए गए। जानकारी मिलते ही संक्रमित कैदियों का उपचार प्रारंभ कर दिया गया है। नियमित रूप से की जाती है जरूरी जांच जेल अधीक्षक डॉ. डी टोंडर ने बताया कि जेल में किसी भी कैदी को प्रवेश देने से पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। बीपी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच नियमित रूप से की जाती है। कराया जा रहा संक्रमित कैदियों का इलाज एचआईवी संक्रमित कैदियों का इलाज बिलासपुर से उपलब्ध दवाओं और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि संक्रमित कैदियों तक यह संक्रमण कैसे पहुंचा।

### सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा : जी सुधाकरन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में अंबालापुझा से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) समर्थित निर्दलीय विधायक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता जी सुधाकरन ने रविवार को विपक्ष के नेता पिनराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा है। सुधाकरन अपने विधायक कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे



थे। माकपा नेता के तौर पर पूर्व मंत्री और कई बार विधायक रह चुके सुधाकरन ने जिला नेतृत्व द्वारा दरकिनार किए जाने का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा और अंबालापुझा से जीत हासिल की। राज्य की वित्तीय स्थिति पर मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन के हालिया भाषण का जिक्र करते हुए सुधाकरन ने कहा कि विपक्ष विधानसभा में अपना रुख बनाए रखने में नाकाम रहा। उन्होंने कहा, 'विधानसभा में सतीशन का एक भाषण हुआ था, जिसमें उन्होंने पिछली वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) की सरकार से विरासत में मिली वित्तीय स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन विपक्ष की ओर से अपने बचाव में एक शब्द भी नहीं बोला गया।' सुधाकरन के अनुसार, वामपंथ का एक मजबूत राजनीतिक और वैचारिक रुख है, लेकिन वर्तमान में विपक्ष में कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो इसे स्पष्ट रूप से सामने रख सके और इसका बचाव कर सके। उन्होंने कहा, 'विपक्ष में से किसी को खड़े होकर जवाब देना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने वाला वहां कोई नहीं था।' विजयन की चुप्पी पर तंज कसते हुए सुधाकरन ने कहा कि पूरी बहस के दौरान विपक्ष के नेता पूरी तरह निष्क्रिय रहे।

# यवतमाल में शिवसेना का बड़ा शक्ति प्रदर्शन, जितेश नावडे और साहेबराव कांबले शिंदे गुट में शामिल

**यवतमाल , एजेंसी।** राजनीति में बदलाव को स्वाभाविक माना जाता है और इसी बदलाव की एक नई मिसाल यवतमाल जिले में देखने को मिली है। सहकारिता क्षेत्र के युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेश नावडे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शिवसेना में प्रवेश कर जिले की राजनीतिक चर्चाओं को नया आयाम दे दिया है। जितेश नावडे इससे पहले शिवसेना (उद्धव की सहकार आघाड़ी में सक्रिय रूप से कार्यरत थे।

सहकारिता क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़, युवाओं के बीच लोकप्रियता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क को देखते हुए उनके दल परिवर्तन को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी जिला परिषद एवं स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनावों के मद्देनजर इस घटनाक्रम का असर राजनीतिक समीकरणों पर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। यह प्रवेश समारोह राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा राज्य के मृदा एवं जलसंधारण मंत्री संजय राठौड़ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिवसेना विदर्भ पश्चिम के सहसंपर्क प्रमुख पराग पिंगले प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवसेना और पार्टी नेतृत्व के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की, जिससे पूरा



सभागार उत्साह से गूंज उठा। समारोह में जितेश नावडे के करीबी समर्थक माने जाने वाले राजमोहन गिरी ने भी अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शिवसेना का दामन थाम लिया। इससे पार्टी की संगठनात्मक ताकत और बढ़ने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में शुरू हो गई है।

यवतमाल जिला स्थानीक स्वराज संस्था विधान परिषद चुनाव के ऐन मौके पर कांग्रेस को पटखनी देनेवाले पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार साहबराव कांबले ने आखिरकार रविवार को मुंबई में अधिकृत रूप से शिवसेना शिंदे समूह में प्रवेश किया। केवल सप्ताहभर पहले कांबले ने पूरी महाविकास आघाडी को अंधेरे में रखते हुए चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने अब सीधे सत्ताधारियों के पार्टी में प्रवेश करने से यवतमाल की राजनीति में भूचाल आ गया है।

इस गतिविधि से जिले में कांग्रेस कमजोर हो गई है। विधान परिषद चुनाव के मैदान से नामांकन वापस लेने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से दो दिनों पहले साहबराव कांबले को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। कार्रवाई को 24 घंटे बीतने से पहले ही कांबले ने मुंबई पहुंचकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पालकमंत्री संजय राठोड की उपस्थिति में शिवसेना का दामन थाम लिया। शिवसेना पार्टी प्रवेश से पूर्व साहबराव कांबले ने कांग्रेस नेताओं और स्थानीक जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। साहबराव कांबले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब केवल पैसों की भाषा करती है। जबरन उम्मीदवारी आवेदन भरवाने के बाद पैसों की डिमांड की गई। इतना ही नहीं तो जिलाध्यक्ष ने बार बार पिछडावर्गीय कहते हुए अपमान किया। अपने स्वाभिमान के लिए और कांग्रेस की कुटील नीतियों का विरोध करने के लिए उन्होंने यह निर्णय लेने का दावा किया।

### 5 साल के एमओयू से बदलेगी तस्वीर, नागपुर-वर्धा में मानसिक स्वास्थ्य पर फोकस

**नागपुर, एजेंसी।** मुंबई में राज्य के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नागपुर और वर्धा जिले में 'उड़ान' परियोजना को विस्तार देते हुए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वास्थ्य विभाग और दो स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच पांच वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दी है। राज्य सरकार के निर्णयानुसार ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्था, सौसर (मध्य प्रदेश) और अन्यथा फाउंडेशन के सहयोग से जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। यह समझौता 1 अगस्त, 2026 से 31 जुलाई, 2031 तक प्रभावी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस समझौते के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशक को अधिकृत किया है। किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। राज्य में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह निर्णय बेहद अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य व तंत्रिका विज्ञान संस्थान के सर्वेक्षण के अनुसार देश में लगभग 10 से 14 प्रतिशत वयस्क किसी न किसी मानसिक विकार से प्रभावित हैं।

## जयपुर में नूरानी मस्जिद सील, बंद कर दिया गया इंटरनेट.... कड़े सुरक्षा पहरे में होगी अतिक्रमण पर कार्रवाई

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर के नंदपुरी इलाके में विकास कार्यों के आड़े आ रहे धार्मिक स्थलों को हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्रशासन की टीम ने नूरानी मस्जिद को सील कर



तोड़ने की कार्रवाई का काम चालू कर दिया है।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, मालवीय नगर से जगतपुरा तक जाने वाली मुख्य सड़क को चौड़ा करने का प्रोजेक्ट काफी समय से चल रहा है। योजना के तहत नंदपुरी अंडरपास के पास रेलवे लाइन के साथ वाली सड़क की चौड़ाई मौजूदा 25-30 फीट से बढ़ाकर 80 फीट की जानी है।

सड़क की इस निर्धारित सीमा के भीतर पांच धार्मिक स्थल आ रहे थे, जिन्हें अब हटाया जा रहा है। इनमें एक मस्जिद, दो मंदिर, एक मजार और एक सत्संग भवन शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से सड़क चौड़ीकरण का काम तो चल रहा था, लेकिन मस्जिद को छोड़ दिया गया था। इसे लेकर सोशल मीडिया पर बीजेपी की आलोचना हो रही थी, जिसके बाद जेडीए ने इसे भी हटाने का पूरा खाका तैयार कर लिया।

इस अतिक्रमण हटाओ अभियान की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के बेहद कड़े बंदोबस्त किए हैं। पूरे इलाके को एक तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया है, जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 50 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ 3,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

एहतियात के तौर पर जिले के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं भी अस्थाई रूप से बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा, शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शहर के संवेदनशील और मुस्लिम बहुल इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

कानून और शांति व्यवस्था की पल-पल की निगरानी के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारी और जेडीए के उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। ड्रोन के जरिए भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

जयपुर के पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने हालात को लेकर स्पष्ट किया है कि कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शहर में शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा है कि भड़काऊ सामग्री, तथ्यहीन मैसेज या वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचा जाना चाहिए। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जेडीए के इस बड़े एक्शन के बाद अब सियासी बयानबाजी का दौर भी शुरू हो गया है। कांग्रेस विधायक रफीक खान ने प्रशासन की इस ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए अपना कड़ा विरोध जताया है।

## ऐसे ही ऑनलाइन ठगी करते हैं, गाजियाबाद में स्क्रैप कारोबारी को वीडियो कॉल कर लगाया 14 लाख का चूना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** कॉपर स्क्रैप बेचने का झांसा देकर लोहा मंडी के एक कारोबारी से 14 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपित ने पहले स्क्रैप की वीडियो भेजकर भरोसा जीता और फिर एडवांस भुगतान के नाम पर बैंक खाते में रकम ट्रांसफर करा ली। रकम मिलने के बाद न तो माल भेजा गया और न ही रुपये लौटाए गए। पीड़ित की शिकायत पर कविनगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोहा मंडी स्थित एद्विका मेटल रिसोर्सेस के संचालक दीपक कुमार शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते वर्ष मई में उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया। उसने अपना नाम शेखर सिंह बताया और कहा कि उसके पास अच्छी गुणवत्ता का करीब नौ टन कापर स्क्रैप



उपलब्ध है। विश्वास दिलाने के लिए उसने स्क्रैप की वीडियो और एसपी ट्रेडिंग सर्विसेज के नाम से एक कैंसिल चेक तथा आधार कार्ड की प्रति भी भेजी। आरोपित ने 850 रुपये किलो के हिसाब से स्क्रैप देने का दावा किया और एडवांस भुगतान मांगा। रकम मिलने के बाद बोला- हम ऐसे ही ऑनलाइन ठगी करते हैं पीड़ित ने उसके झांसे में आकर 21 मई को आरटीजीएस के माध्यम से दो ट्रांजेक्शन में कुल 14 लाख रुपये बताए गए बैंक खाते में भेज दिए। पीड़ित का आरोप है कि भुगतान के बाद जब उन्होंने माल भेजने के लिए कहा तो आरोपित टालमटोल करता रहा।


### कूड़ा कलेक्शन को मिलेगा नया आयाम, गांवों की तंग गलियों में बाइक और ई-रिक्शा से उठेगा कचरा



**नोएडा, एजेंसी।** शहर में डोर-टू-डोर कचरण संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने हाल ही में एक विस्तृत सर्वे कराया है। सर्वे में सामने आया है कि पूरे शहर के सेक्टरों और गांवों से प्रभावी ढंग से कचरा एकत्र करने के लिए करीब 400 वाहनों की आवश्यकता है। जबकि वर्तमान में उपलब्ध वाहनों की संख्या इस आवश्यकता का लगभग 35 से 40 प्रतिशत ही है। शहर के अधिकांश सेक्टरों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से संचालित हो रही है।

## आकाश हत्याकांड: मीडिया में खबर देख परिजनों ने की शव की पहचान, क्राइम ब्रांच को सौंपी गई जांच

**फरीदाबाद, एजेंसी।** डबुआ थाना क्षेत्र की उड़ीया कालोनी, गाजीपुर के खेतों में मिले किशोर के शव की पहचान नंगला एंक्लेव निवासी आकाश, उम्र 15 साल के रूप में हो गई है। स्वजन का कहना है कि आकाश घर से अपने दोस्त रोहित के साथ गया था और इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। अब पुलिस रोहित की तलाश कर रही है और उससे पूछताछ के बाद हत्या की गुत्थी सुलझने की उम्मीद जताई जा रही है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार छह जून की सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी



कि उड़ीया कालोनी के खेतों में एक किशोर का शव पड़ा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि किशोर के गले पर सफेद गमछा कसकर बंधा हुआ था और गर्दन पर दबाव के निशान थे। चेहरे पर खून लगा हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका बनी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए ईएसआइसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। शुरुआत में आसपास के लोगों से पूछताछ और विभिन्न थाना क्षेत्रों में सूचना देने के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर खबर देखकर स्वजन थाने पहुंचे और शव की पहचान आकाश के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि आकाश अपने दोस्त रोहित के साथ गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। इसी आधार पर पुलिस अब रोहित की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि हत्या के पीछे की परिस्थितियों का पता रोहित से पूछताछ के बाद चल सकता है। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है।

### मणिपुर में उपद्रवियों पर बड़े प्रहार की तैयारी, जवानों को खुली छूट

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में शांति बहाली के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक सख्त और ठोस कार्ययोजना तैयार की है। राज्य में सक्रिय उपद्रवियों के खिलाफ अब सुरक्षा बल निर्णायक प्रहार करेंगे। सीआरपीएफ के महानिदेशक (डीजी) जीपी सिंह ने मणिपुर में तैनात अपने जवानों और अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में स्पष्ट निर्देश



दिए हैं कि उपद्रवियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह स्वतंत्र हैं। उन्होंने जवानों को खुली छूट देते हुए भरोसा दिलाया कि एक साल के भीतर मणिपुर के हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे। डीजी जीपी सिंह ने जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए साफ कहा कि यदि उपद्रवियों पर सुरक्षा बल गोली नहीं चलाएंगे, तो सरकार ने उन्हें गोला-बारूद क्यों दिया है? उन्होंने जवानों को आश्वस्त किया कि वे किसी भी कार्रवाई के बाद विभागीय सवालों या कानूनी पचड़ों की चिंता न करें। डीजी ने कहा कि जब तक वे पद पर हैं, वास्तविक और प्रामाणिक कार्रवाई के दौरान जवानों पर कोई आंच नहीं आएगी। यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में करोड़ों के हेरफेर का मामला: अखिलेश यादव ने कोर्ट से की स्वत: संज्ञान की मांग

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े एक गंभीर मामले को लेकर मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधा है. सपा मुखिया ने मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये रहस्यमयी तरीके से गायब होने के आरोपों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए बेहद शर्मनाक करार दिया है.

**अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग:** इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट साझा की है. अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि पूरे विश्व में भगवान राम के करोड़ों उपासकों के लिए यह एक बेहद संवेदनशील और विचलित करने वाला समाचार है. उन्होंने आगे लिखा कि राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों की भारी-भरकम रकम का गायब पाया जाना बेहद गंभीर विषय है. कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या ट्रस्टी इस विषय पर खुलकर सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है.

**वैश्विक सनातनी समाज की आस्था का सवाल:** अखिलेश यादव ने माननीय अदालत से इस पूरे मामले का तत्काल स्वतः संज्ञान लेने का पुरजोर अनुरोध किया है. उन्होंने तर्क दिया कि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर बसे सभी सनातनी समाज की प्रभु श्री राम में अटूट और गहरी आस्था से जुड़ा हुआ है. पूर्व मुख्यमंत्री ने इस संवेदनशील मुद्दे पर उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार की रहस्यमयी चुप्पी को बेहद संदिग्ध बताया है. अखिलेश यादव के इस बड़े हमले के तुरंत बाद समाजवादी पार्टी के आधिकारिक मीडिया सेल ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की है. सपा मीडिया सेल ने अपने पोस्ट के जरिए इस पूरे मामले पर बेहद कड़ा और सीधा प्रहार किया है.



मीडिया सेल की पोस्ट में लिखा गया है कि अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावे से करोड़ों रुपये की रकम का हेर-फेर या चोरी हो जाना महज एक वित्तीय अनियमितता नहीं है. यह न सिर्फ बेहद शर्मनाक है, बल्कि इस पूरे पावन प्रोजेक्ट के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है. इस अति संवेदनशील मामले में ट्रस्ट से जुड़े सभी वरिष्ठ लोगों को तत्काल सामने आकर देश के समक्ष अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए. सपा ने मांग की है कि राम मंदिर निर्माण कार्य के लिए राम भक्तों की गाढ़ी कमाई से आए चढ़ावे का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए. अब तक कुल कितनी रकम प्राप्त हुई और उसे कहाँ-कहाँ खर्च किया गया, इसका पूरा हिसाब-किताब जनता के सामने आना चाहिए. मंदिर की पवित्र रकम में किसी भी प्रकार का हेरफेर, घपला-घोटाला या वित्तीय चोरी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती. समाजवादी पार्टी ने इसे करोड़ों राम भक्तों की पावन आस्था पर एक बड़ा और क्रूर प्रहार बताया है.

सोशल मीडिया पर सरकार को घेरते हुए सपा नेताओं ने तीखा तंज कसा कि कम से कम भाजपा नेताओं को भगवान के घर को तो बख्श देना चाहिए. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए इन गंभीर वित्तीय आरोपों पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी त्वरित प्रतिक्रिया दी है. विवाद को बढ़ता देख ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रविवार को एक आधिकारिक लिखित बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है. चंपत राय ने अपने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का समय-समय पर पूरी पारदर्शिता के साथ आंतरिक ऑडिट किया जाता है. बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ऑडिट जारी: उन्होंने कहा कि इस रूटीन ऑडिट कार्य में ट्रस्ट के लेखाकारों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित रहते हैं. मंदिर के खातों और चढ़ावे का यह विस्तृत वित्तीय ऑडिट कार्य कई दिनों तक लगातार चलता है. चंपत राय ने जानकारी दी कि ऑडिट का यही नियमित कार्य आजकल भी अयोध्या में पूरी सतर्कता के साथ किया जा रहा है. उन्होंने अखिलेश यादव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अभी तक के ऑडिट में कोई भी संदिग्ध या उल्लेखनीय बात सामने नहीं आई है.अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे से करोड़ों रुपये गायब होने के अखिलेश यादव के आरोपों पर अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

## गुरुग्राम: 14 साल से रह रहे निवासियों के लिए खुशखबरी, यूनिटेक 'हार्मनी' को मिला फाइनल कंप्लीशन सर्टिफिकेट

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर-50 स्थित गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड के निकट लगभग 10.50 एकड़ क्षेत्र में विकसित यूनिटेक की रिहायशी परियोजना हार्मनी को हरियाणा के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीसीपी) द्वारा फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है।



इसके साथ ही हार्मनी यूनिटेक की पहली और अब तक की एकमात्र ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बन गई है जिसे फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। विभाग ने 4 जून को जारी पत्र में परियोजना को विभिन्न नियमों एवं शर्तों के अनुरूप पाते हुए यह प्रमाणपत्र जारी किया है। वर्ष 2006 में इस परियोजना का लाइसेंस जारी हुआ था और पिछले लगभग 14 वर्षों से यहां करीब 400 परिवार रह रहे हैं। वर्षों के इंतजार के बाद फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट मिलना निवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। डीटीसीपी द्वारा जारी फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट में स्पष्ट किया गया है कि कालोनी के विकास कार्य, सड़कें, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाएं निर्धारित नियमों के अनुरूप हैं। साथ ही कालोनाइजर को सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव और संचालन से संबंधित निर्धारित शर्तों का पालन भी करना होगा। जानकारी के अनुसार, फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट मिलने के बाद अब यूनिटेक प्रबंधन सोसायटी के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सौंपने की तैयारी कर रहा है। इससे भविष्य में सोसायटी के प्रबंधन और रखरखाव में निवासियों की भागीदारी और अधिक बढ़ेगी। यूनिटेक प्रबंधन के द्वारा लगातार समन्वय के चलते यह कार्य संभव हो पाया है। हम लंबे समय से विभिन्न लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुरूप पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# दल वही, झंडा वही, बदल गई वफादारी

बीते करीब तीन दशक की राजनीति में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक मुश्किल वक्त है। इससे हुए नुकसान को कम करने की कोशिश में पार्टी ने राज्य में अपनी सभी समितियों और आनुषंगिक संगठनों को भंग कर दिया। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वहां विपक्ष की राजनीति में शुरू हुई उथल-पुथल से फिर यही जाहिर हुआ है कि आज सिद्धांत और विचारधारा की राजनीति के तकाजे पीछे छूट चुके हैं। राज्य में सत्ता से बाहर होने के बाद तृणमूल कांग्रेस बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझ रही है।भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेताओं तक पर प्रत्यक्ष हमले हुए। मगर इस सबके बीच विधानसभा के लिए चुने गए कई विधायकों के अलग होने का फैसला पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है।दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के अस्सी में से अट्ठावन विधायकों ने अपना अलग गुट बना लिया और उसे विधानसभा में तुरंत मान्यता भी दे दी गई। यों इस बगावत का सिरा तृणमूल के दो विधायकों, ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किए जाने से जुड़ा माना जा रहा है। इसके बाद ऋतब्रत बनर्जी ने अन्य विधायकों का समर्थन जुटाकर अपना अलग गुट बना लिया और खुद को विधानसभा में असली तृणमूल कांग्रेस घोषित कर दिया।जाहिर है, बीते करीब तीन दशक की राजनीति में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के लिए यह एक मुश्किल वक्त है। इससे हुए नुकसान को कम करने की कोशिश में पार्टी ने राज्य में अपनी सभी समितियों और आनुषंगिक संगठनों को भंग कर दिया, मगर एक साथ इतनी बड़ी संख्या में चुने हुए प्रतिनिधियों का पार्टी छोड़ना तृणमूल कांग्रेस के लिए संभवतः एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।हालांकि पार्टी से अलग होने की घोषणा करने वाले विधायकों की संख्या चूंकि दो-तिहाई से ज्यादा है, इसलिए दल-बदल कानून के प्रावधानों का कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इससे फिर यही सवाल उठा है कि देश की राजनीति में अवसरों का लाभ उठाने की यह कैसी प्रवृत्ति है, जिसमें जनता के भरोसे का खयाल रखना अब एक गैर-महत्त्वपूर्ण विषय माना जाने लगा है। यह भी विचित्र है कि ऐसी बगावत आमतौर पर अपनी पार्टी के सत्ता से बाहर होने या सरकार बनाने के गणित में कमजोर होने के बाद ही देखी जाती है।पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में बगावत को करीब चार साल पहले महाराष्ट्र में शिवसेना की टूट की तरह देखा जा रहा है, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायकों ने उद्धव ठाकरे से खुद को अलग कर लिया था। उसके बाद आखिरकार पार्टी का नियंत्रण उद्धव ठाकरे से एकनाथ शिंदे के हाथ में चला गया था।इसमें लोकतांत्रिक अधिकारों की दलील दी जा सकती है, मगर सवाल है कि किसी खास पार्टी के सिद्धांत और उसकी विचारधारा के आधार पर जनता का समर्थन और जीत हासिल करने के बाद अचानक उसे छोड़ देना किस तरह लोकतंत्र को मजबूत करेगा। राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों की बुनियाद की अहमियत को कायम रखने के लिए दल-बदल कानून लाया गया था। मगर ऐसा लगता है कि उसके प्रावधानों को भी सिर्फ तकनीकी कसौटी पूरी होने के दायरे में समेट दिया गया है।हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति तेजी से जोर पकड़ रही है, जिसमें किसी भी कीमत पर सत्ता का सिरा थामने के लिए चुनाव में जीते हुए प्रतिनिधियों को इस बात का खयाल रखना बिल्कुल जरूरी नहीं लग रहा है कि उन्हें जनता ने किन सिद्धांतों, वादों या राजनीति की वजह से चुना था।

*जल संकट के मुद्दे पर पद्मश्री से सम्मानित जलयोद्धा उमा शंकर पांडेय का दृष्टिकोण विशेष महत्व रखता है। पिछले तीन दशकों से खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ अभियान के माध्यम से जल संरक्षण पर काम कर रहे पांडेय कहते हैं कि पानी का प्रश्न अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न बनता जा रहा है। उनके अनुसार भारत के अनेक हिस्सों में पानी की कमी मौसमी समस्या न रहकर सालभर की वास्तविकता बन चुकी है।*

# 2050 की पृथ्वी-जल, जलवायु और जैव-विविधता संकट के बीच मानव सभ्यता का भविष्य

**(संजय दुबे)**

क्या मानव सभ्यता अपने विकास के सबसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है? यह प्रश्न अब केवल पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों या नीति-निर्माताओं तक सीमित नहीं रह गया है। हिमालय के सिकुड़ते ग्लेशियर, लगातार बढ़ती हीटवेव, असामान्य वर्षा, घटती जैव-विविधता, सूखते जलस्रोत और तेजी से बदलती जीवनशैली मिलकर एक ऐसे भविष्य की ओर संकेत कर रहे हैं, जहां पर्यावरण का प्रश्न सीधे मानव अस्तित्व, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता से जुड़ जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों के पांच प्रतिष्ठित विशेषज्ञों - पर्यावरणविद् डॉ. वंदना शिवा, जल संरक्षण के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित जलयोद्धा उमा शंकर पांडेय, पर्यावरणविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत सिन्हा, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भूगोलवेत्ता एवं प्राकृतिक आपदा विशेषज्ञ प्रो. रूपेंद्र सिंह और शिक्षाविद् एवं सामाजिक चिंतक डॉ. बीरबल झा - से बातचीत के दौरान एक बात बार-बार उभरकर सामने आई कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि वर्तमान की वास्तविकता है। दुनिया क्या कह रही है? विशेषज्ञों की चिंताएं केवल भारत तक सीमित नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों में संयुक्त राष्ट्र, विश्व मौसम विज्ञान संगठन और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों ने भी इसी दिशा में गंभीर संकेत दिए हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 2025 में जारी स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 वैश्विक स्तर पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया। वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक क्रांति-पूर्व काल की तुलना में लगभग 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। रिपोर्ट में समुद्र के बढ़ते तापमान, ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और समुद्र-स्तर में लगातार वृद्धि को मानवता के लिए गंभीर चेतावनी बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की नवीनतम इमीशंस गेप रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान नीतियों और उत्सर्जन की प्रवृत्तियों को देखते हुए दुनिया अभी भी उस रास्ते पर नहीं है जो वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रख सके। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यदि देशों ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेज और व्यापक कटौती नहीं की, तो इस सदी के मध्य तक जलवायु जोखिम और अधिक गंभीर हो सकते हैं। जैव-विविधता के मोर्चे पर भी स्थिति चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक आकलनों ने संकेत दिया है कि मानव गतिविधियों के कारण लाखों प्रजातियां अस्तित्व के संकट का सामना कर रही हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि जैव-विविधता का नुकसान केवल वन्यजीवों का संकट नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर खाद्य सुरक्षा, जल सुरक्षा, कृषि और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। डॉ. वंदना शिवा मानती हैं जैव-विविधता का क्षरण सबसे बड़ा खतरा क्वांटम फिजिक्स और दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट डॉ. वंदना शिवा देश की प्रमुख पर्यावरणविद्, लेखिका, और खाद्य संप्रभुता की वैश्विक पैरोकार रही हैं। जैव-विविधता, बीज संरक्षण, किसानों के अधिकारों और टिकाऊ कृषि पर चार दशकों से अधिक समय से काम कर रही डॉ. वंदना शिवा मानती हैं कि मानवता के सामने सबसे बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण या जल संकट नहीं, बल्कि जैव-विविधता का क्षरण है। उनके अनुसार जल संकट, खाद्य असुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे अधिकांश संकट अंततः जैव-विविधता के नष्ट होने से जुड़े हुए हैं। वे याद दिलाती हैं कि हिमालयी क्षेत्रों में जंगलों की कटाई और प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के कमजोर होने से जलस्रोतों पर गहरा असर पड़ा है। उनका स्पष्ट मत है कि यदि मानव समाज प्रकृति की मूल शक्तियों और उसकी विविधता को नज़रअंदाज़ कर केवल तकनीकी समाधानों पर भरोसा करेगा, तो समस्याएं और गंभीर होंगी। आज जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जीन-संपादित फसलें और कॉर्पोरेट कृषि वैश्विक बहस के केंद्र में हैं, डॉ. शिवा चेतावनी देती हैं कि तकनीक प्रकृति का विकल्प नहीं बन सकती। उनका कहना है कि प्रकृति से संबंध मजबूत करना ही समाधान है। वे बच्चों को प्रकृति से जोड़ने, स्कूलों में प्रकृति आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और स्थानीय बीजों तथा पारंपरिक कृषि ज्ञान को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल देती हैं। उनके शब्दों में, प्रकृति से रिश्ता और तगड़ा करना होगा। डॉ. शिवा की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी यह है कि पर्यावरणीय संकट को भविष्य का संकट मानना एक भ्रम है। उनके अनुसार संकट पहले से मौजूद है और लगातार गहरा होता जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर उनका संदेश भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ा है–प्रकृति रक्षति रक्षिता। अर्थात यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। यदि डॉ. वंदना शिवा जैव-विविधता को संकट की जड़ मानती हैं, तो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के भूगोलवेत्ता और प्राकृतिक आपदा विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र सिंह जलवायु परिवर्तन को वर्तमान समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बताते हैं। उनके अनुसार जलवायु परिवर्तन अब केवल तापमान वृद्धि का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि जल, खाद्य, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। हिमालय दक्षिण एशिया की जल सुरक्षा और करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है डॉ. सिंह विशेष रूप से हिमालय को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि हिमालय केवल एक पर्वत श्रृंखला नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया की जल सुरक्षा, जैव-विविधता और करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। ग्लेशियरों में तेजी से हो रहे परिवर्तन, हिमनदीय झीलों का विस्तार और उनसे जुड़े भू-जोखिम भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी हैं। वर्ष 2021 की ऋषिगंगा-धौलीगंगा आपदा का उदाहरण देते हुए वे बताते हैं कि बढ़ते तापीय परिवर्तन और अस्थिर हिम संरचनाएं भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा सकती हैं। उनका मानना है कि हीटवेव, फ्लैश फ्लड, अत्यधिक वर्षा, लंबे सूखे और मौसम की अनिश्चितता अब धीरे-धीरे न्यू नॉर्मल बनते जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण वायुमंडल में अधिक ऊर्जा और नमी उपलब्ध हो रही है, जिससे चरम मौसमीय घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। वर्ष 2050 की ओर देखते हुए वे जल संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु प्रवासन, स्वास्थ्य जोखिम और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती तीव्रता को सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल करते हैं। पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत सिन्हा इस संकट को आधुनिक विकास मॉडल और बढ़ते उपभोग से जोड़कर देखते हैं। उनके अनुसार जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि वर्तमान का अनुभव है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, असामान्य वर्षा और चरम मौसमी घटनाएं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। वे मानते हैं कि औद्योगिक क्रांति के बाद से प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की गति लगातार बढ़ी है और आधुनिक उपभोग आधारित जीवनशैली ने इस संकट को और गहरा किया है। प्रशांत सिन्हा के अनुसार तकनीकी और औद्योगिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक अवश्य बनाया है।

# मोदी 10 जून को रचने जा रहे हैं सबसे बड़ा इतिहास, भारतीय लोकतंत्र के नये रिकॉर्ड को देखकर दुनिया कह उठेगी वाह

**(नीरज कुमार दुबे)**

यह केवल समय का रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का प्रतीक भी है। एक ओर नेहरू का दौर था, जब कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत के सहारे लगभग निर्विरोध सत्ता में थी, वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी का उदय बेहद कठिन और प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया है। दस जून को वह देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन जाएंगे। इस उपलब्धि के साथ वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के उस लंबे कार्यकाल को पीछे छोड़ देंगे, जिसे दशकों तक भारतीय राजनीति का सबसे मजबूत अध्याय माना जाता रहा। मई 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नरेंद्र मोदी दस जून 2026 तक लगातार चार हजार 399 दिनों तक देश का नेतृत्व कर चुके होंगे, जबकि नेहरू का लगातार निर्वाचित कार्यकाल चार हजार 398 दिनों का था। यह केवल समय का रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का प्रतीक भी है। एक ओर नेहरू का दौर था, जब कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत के सहारे लगभग निर्विरोध सत्ता में थी, वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी का उदय बेहद कठिन और प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में हुआ। मोदी ने पहले गुजरात में लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक क्षमता साबित की और फिर पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया। साल 2014 भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने तीन दशकों बाद किसी गैर कांग्रेसी दल को पूर्ण बहुमत दिलाया। कांग्रेस मात्र 44 सीटों पर सिमट गई और देश में गठबंधन युग की राजनीति को निर्णायक चुनौती मिली। इसके बाद 2019 में भाजपा ने और भी बड़ी जीत दर्ज करते हुए तीन सौ तीन सीटें हासिल कीं। वर्ष 2024 में भले ही पार्टी अपने दम पर बहुमत से थोड़ी दूर रही, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने फिर सत्ता बरकरार रखी। देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक सफर उनकी संगठन क्षमता और जनसंपर्क कौशल का भी उदाहरण है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने भूकंप के बाद बदहाल स्थिति में राज्य की कमान संभाली और विकास आधारित प्रशासन को नई पहचान दी। यही मॉडल बाद में पूरे देश में चर्चा का विषय बना। गुजरात में लगातार तीन चुनाव जीतकर वह राज्य के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बने। मोदी सरकार के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले हुए जिन्हें दशकों तक असंभव माना जाता था। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, तीन तलाक समाप्त करना और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना, ऐसे ऐतिहासिक कदम रहे जिन्होंने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 6116



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1968 को इस भारतीय वैज्ञानिक को चिकित्सा क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया (8)
7. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
8. तप्त चिन्हित करना,दाग लगाना (3)
9. मार्ग से, कृततः (2)
11. लिहाफ, सर्दी लगने से बचने के लिए सोते समय ओढ़ा जाने वाला वस्त्र (3)
13. चांदी, उजला, उज्जवल (3)
16. प्रविष्टायन, स्थितन (3)
17. जिसमें दाग या धब्बों वाला, दागदार (2)
18. श्रवण करना, ध्यान देना (3)
19. एक शस्त्र, बरछा, नेजा (2)
21. जैन धर्म के मानने वालों का बड़वानी से 8 किमी दूर एक तीर्थ स्थल (5)
23. यह उजबेकिस्तान की राजधानी है (4)
24. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति, कबीला, प्रजा (2)

**ऊपर से नीचे**
1. इस तीर्थ स्थान पर गंगा नदी पहाडों को छोड मैदान में आती है इसे गंगाद्वार भी कहा गया है (4)
2. फुटबॉल, हॉकी आदि के खेल से संबंधित एक शब्द, वृत्ताकार, वर्तुल (2)
3. शीतकाल को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
4. ईश्वरत्व, खुदापन, आस्मानी (3)
5. शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट गान प्रकार (2)
6. सनिश्चय नहीं (3)
10. क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है (4)
12. रद्दीकृत, अनुपभुक्त (2)
14. तपस्या करना, अति परिश्रम करना (3)
15. मरीज, बीमार, जिसे रोग लगा हो (2)
17. बरामदा, ओसारा (3)
18. निर्देशक बिमल रॉय की सुनील दत्त-नूतन अभिनीत 1959 की सफल फिल्म (3)
19. दर, निर्ख (2)
20. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
21. उत्तर काल में, उपरांत, पश्चात (2)
22. लंबाई नापने की प्राचीन नाप, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 6115 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | पु | रा | | दे | वी | ला | ल |
| का | ल | का | | व | र | ना | |
| ल | | | मु | आ | | | ते |
| | द | म | | नं | द | गां | व |
| इ | ला | हा | बा | द | | धा | र |
| बा | ल | | ब | | नू | री | |
| द | | ह | र | क | त | | शू |
| त | ला | क | | दा | न | वी | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन धन लाभ के लिए काफी बढ़िया है। दोस्तों या काम के नेटवर्क से कोई महत्वपूर्ण काम बन सकता है। काम करने का जोश आज अलग ही लेवल पर रहेगा। बस लग्जरी चीजों पर फालतू खर्च न करें, तो बेहतर होगा। करियर में आज आप अपनी लीडरशिप दिखाएंगे और टीम के साथ मिलकर कोई बड़ा प्रोजेक्ट निपटा सकते हैं।

### वृष
आज नेटवर्किंग, बातचीत और यात्रा से पैसा आने का योग है। छोटे-छोटे मौके आगे जाकर बड़ा फायदा देंगे। थोड़ा बजट बनाकर चलें, सब अच्छा होगा। करियर में आज आपकी भाषा ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। किसी भी मीटिंग या प्रेजेंटेशन में आप छा जाएंगे। आज आपको नई जानकारी मिलेगी जो भविष्य में काम आएगी।

### कर्क
आज अपनी बचत और जमा-पूंजी पर पूरा ध्यान दें। प्रोफेशनल कामों से कमाई के नए रास्ते खुल सकते हैं। फिजूल खर्ची न करें और भविष्य की सुरक्षा पर गौर करें। करियर में आपकी काम करने की पक्की शैली आज बॉस और क्लाइंट्स दोनों का दिल जीत लेगी। जो भी काम हाथ में लें, उसे पूरा करने की आदत ही आज आपको दूसरों से आगे रखेगी।

### सिंह
आज पैसों के मामले में थोड़ा हाथ समेट कर चलें। विदेशी कनेक्शन या विदेश से जुड़ी चीजों में आज सोच-समझकर निवेश करें। शनि देव आज आपको अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं। करियर में पर्दे के पीछे रहकर काम करने की कोशिश करें, ये प्लानिंग आपको आगे चलकर बड़ा रिवॉर्ड दिलाएगी। आज ऑफिस की राजनीति से दूर रहें।

### मिथुन
घर और प्रॉपर्टी से जुड़े पैसों के मामलों में आज ध्यान देना होगा। गुरु की वजह से लंबे समय की स्थिरता बनी रहेगी,लेकिन घबराएं नहीं। वर्क फ्रॉम होम हो या ऑफिस, आपकी मेहनत धीरे-धीरे अपना रंग लाएगी। अभी फल की चिंता न करें, बस अपनी जड़ें मजबूत करें।

### कन्या
आज अपना पूरा ध्यान अपने पर्सनल फाइनेंशियल गोल्स पर रखें। जल्दी अमीर बनने के लालच में न पड़ें, जो भी करें प्रैक्टिकल सोचें। करियर में आपके नए आइडियाज आज ऑफिस में चर्चा का विषय बनेंगे। आज आप दूसरों को लीड कर सकते हैं।

### तुला
आज पार्टनरशिप से फायदा हो सकता है, बस भावनाओं में बहकर कोई फैसला न लें। केतु की वजह से थोड़ा कन्फ्यूजन हो सकता है, इसलिए प्रैक्टिकल रहें। करियर में अपने साथियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। बिजनेस करने वालों के लिए आज क्लाइंट्स से बातचीत बहुत जरूरी है।

### वृश्चिक
आज पैसों के मामले में काफी स्थिर दिन है। धीरे-धीरे ही सही, पर आपकी कमाई में सुधार नजर आएगा। आज कोई भी बड़ा आर्थिक फैसला लेते समय किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। करियर की बात करें तो सीनियर्स आज आपसे बेहतर काम की उम्मीद करेंगे, इसलिए अपनी मेहनत जारी रखें। बिजनेस करने वालों के लिए आज नए और अच्छे क्लाइंट जुड़ने का मौका है।

### मकर
आज हिसाब-किताब के लिए बेहतरीन दिन है। टैक्स, पुराने बकाया या उधार चुकाने पर ध्यान दें, इससे मन हल्का होगा। करियर में आज काम का बोझ तो रहेगा, पर आप अपनी ऑर्गनाइज्ड तरीके से सबको खुश कर देंगे। अगर इंटरव्यू या कोई टेस्ट देने जा रहे हैं, तो आज का दिन आपकी कामयाबी के लिए लकी साबित हो सकता है। आज आप दूसरों की मदद करके बहुत अच्छा महसूस करेंगे।

### कुंभ
क्रिएटिव कामों से आज फायदा दिख रहा है, बस सट्टेबाजी से दूर रहें। समझदारी से खर्च करेंगे तो बचत बढ़ेगी। करियर में आज आप जो भी नया सोचेंगे, लोग उसकी तारीफ करेंगे। खासकर मीडिया, डिजाइनिंग या पढ़ाई-लिखाई के काम से जुड़े लोगों के लिए आज नाम कमाने का मौका है। आज आपकी बातों में वो जादू होगा जो दूसरों को प्रभावित कर लेगा। कुछ नया सीखने के लिए यह बेहतरीन दिन है।

### धनु
आज प्लानिंग के लिए बहुत अच्छा समय है। बातचीत और सौदेबाजी में आप आज बाजी मार ले जाएंगे। नए तरीके ढूंढिए जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। फालतू खर्चों पर लगाम रखेंगे, तो जेब भरी रहेगी। करियर में अगर आप मार्केटिंग, टीचिंग या तकनीक के क्षेत्र में हैं, तो आज आपका दिन है। आपके नए आइडियाज की खूब तारीफ होगी।

### मीन
आज लंबे समय के लिए फायदा होगा। बस निवेश करते समय कागजात ढंग से पढ़ लें, हड़बड़ी में कोई साइन न करें। करियर में बदलाव का दौर है, हो सकता है जिम्मेदारी बदल जाए। कुछ छुपी हुई अपॉर्चुनिटीज मिल सकती हैं, बस अपने अनुभव पर भरोसा रखें। धैर्य बनाए रखें, ऑफिस के चैलेंजेस आज आपकी समझदारी के आगे छोटे पड़ जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श बाहर

## हेड छुट्टियों पर, मार्श को टखने की चोट; ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी इंग्लिस करेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ओपनर ट्रैविस हेड को आईपीएल के लंबे सीजन के बाद पर्सनल लीव दी गई है, जबकि कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे। वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं, इसलिए वनडे मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मार्श की अनुपस्थिति में जोश इंग्लिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की लिमिटेड ओवर (वनडे) टीम में शामिल किया गया है।

### हेड के वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए लिया गया फैसला

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे। उन्हें पहले बांग्लादेश दौरे की वनडे और टी-20 दोनों टीमों में चुना गया था, लेकिन अब आराम दिया गया है। टी-20 टीम में उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी बाकी है। नेशनल सेलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा,ट्रैविस को शुरुआत में दोनों सीरीज के लिए चुना गया था, लेकिन बाद में उन्हें पर्सनल लीव दे दी गई है।

# वैभव सूर्यवंशी पर फिदा कंगना

## बोलीं- 'वर्ल्ड कप लेकर आओ यार'




**पटना (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन के बाद दुनिया भर से तारीफ मिल रही है। अब बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की। उन्होंने वैभव से वर्ल्ड कप की डिमांड कर दी है। कंगना ने कहा कि, 'हमारे पास क्रिकेट देखने का टाइम नहीं होता है, लेकिन मैं क्रिकेट में इस यंग मैन को बेस्ट विशेज देती हूं। वह भी सचिन और विराट की तरह अच्छा करें। उस पर प्रेशर नहीं है, मगर वर्ल्ड कप लेकर आओ यार।'बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की।

**वैभव सूर्यवंशी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए: गांगुली** - दूसरी ओर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारत के लिए डेब्यू की दहलीज पर खड़े स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर कहा कि, 'मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है।'

**वैभव को संभलकर खेलना होगा** - गांगुली आगे कहा कि, 'निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है। वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नई गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है। इसलिए उसे समय दीजिए।


**वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हुआ** - बिहार के वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हो गया है। वह इंडियन क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पुरुष क्रिकेटर्स में सचिन तेंदुलकर 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे। वहीं, वैभव 15 साल 71 दिन में चुने गए हैं।

**ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने वैभव** - वैभव को ऑरेंज कैप मिला है। वह ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 15 साल और 65 दिन की उम्र में यह उपलब्धि अपने नाम की है। 16 मैचों में उन्होंने 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक भी अपने नाम किए हैं। वैभव ने साई सुदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साई सुदर्शन आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ये उपलब्धि 23 साल 237 दिन की उम्र में हासिल की थी।



# 29 साल के ज्वेरेव ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम

## ● फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया, पांच सेट तक चला मुकाबला



**पेरिस(एजेंसी)।** जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया।

पेरिस में खेले गए मेंस सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव ने दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो को पांच सेटों में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। 29 साल के ज्वेरेव 11 साल से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं। इससे पहले वे ग्रैंड स्लैम में तीन बार फाइनल में और सात बार सेमीफाइनल में हार चुके थे।

फ्रेंच ओपन के अलावा, ऑस्ट्रेलियन ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन को ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कहा जाता है।

### टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीते थे

ज्वेरेव ने मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ दो एटीपी फाइल्स भी जीते हैं।टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलिंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था।इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे।

### 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की


ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करते हुए पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया।इसके बाद कोबोली ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।ज्वेरेव ने फिर तीसरा सेट 6-4 से जीता, लेकिन कोबोली ने चौथे सेट को टाई-ब्रेकर में 7-6(5) से जीतकर मुकाबले को पांचवें सेट में पहुंचा दिया।अंतिम सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की।


### 89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना

ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले 89 साल के बाद पहले जर्मन मेंस खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने यह टूर्नामेंट जीता था।वहीं, किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन मेंस खिलाड़ी बोरिस बेकर थे, जिन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।

### कौन हैं उपविजेता फ्लेवियो कोबोली

फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में पहुंचे फ्लेवियो कोबोली इटली के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।24 साल के कोबोली पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे।पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने कई मजबूत खिलाड़ियों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया।






● मानव-सुंदर के आगे अफगानिस्तान ने घुटने टेके

# एक पारी और 300 रनों से भारत जीता

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मुकाबले में अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से रौंदा। पहली पारी में 152 रनों पर सिमटने के बाद अफगानिस्तान को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी इनिंग में मेहमान टीम का हाल और बेहाल रहा और पूरी टीम 112 रन बनाकर सिमट गई। दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान को सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। अब्दुल 8 रन बनाकर आउट हुए, तो अटल 80 गेंदों में 42 रन बनाने के बाद वॉशिंगटन सुंदर का शिकार बने। गुरबाज दूसरी पारी में भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 24 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह दूसरी इनिंग में 13 रन ही बना सके। कप्तान शाहिदी 5 रन ही बना सके, तो अजमतुल्लाह उमरजई 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



विकेटकीपर-बल्लेबाज अफसर जजई 8 रन बनाकर आउट हुए, तो खरोटी सिर्फ 6 रन ही बना सके। मोहम्मद सलीम बिना खाता खोले आउट हुए और अशरफ चोटिल होने की वजह

### अफगानिस्तान ने 39 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।भारत द्वारा बनाए गए 564 रनों के जवाब में अफगानिस्तान की पूरी टीम पहली पारी में 152 रन बनाकर सिमट गई।मानव सुथार विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुए।टेस्ट के तीसरे दिन अफगानिस्तान ने 113 पर 5 विकेट के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और टीम ने अपने अगले 5 विकेट 39 रन जोड़कर गंवा दिए। अफगानिस्तान की तरफ से सिर्फ रहमत शाह ही भारतीय गेंदबाजों का टिककर सामना कर सके और उन्होंने 60 रनों की पारी खेली।हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। तीसरे दिन की शुरुआत अफगानिस्तान के लिए अच्छी नहीं रही और अजमतुल्लाह उमरजई बिना खाता खोले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए।

राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स

# राही सरनोबत ने जीता 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल, मनु भाकर दूसरे स्थान पर

**देहरादून (एजेंसी)।** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित ग्रुप-ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 में पूर्व एशियाई खेल चैंपियन राही सरनोबत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। राही ने पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 37 हिट्स के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।



**मनु भाकर ने जीता रजत पदक** - दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने 35 हिट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं कर्नाटक की दिव्या टी.एस. 29 हिट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर चौथे और ओलंपियन रिदम सांगवान पांचवें स्थान पर रहीं।

**क्वालिफिकेशन में चिंकी यादव थीं सबसे आगे** - क्वालिफिकेशन राउंड में मध्य प्रदेश की चिंकी यादव ने 586-22 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन फाइनल में वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और आठवें स्थान पर रहीं। मनु भाकर ने 584-16 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर और राही सरनोबत ने क्रमशः 579-20× और 579-18× स्कोर किए।

**राष्ट्रीय रैंकिंग में ईशा सिंह बरकरार नंबर-1** - विश्व रिकॉर्डधारी और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप म्यूनिख 2026 की स्वर्ण पदक विजेता ईशा सिंह इस ट्रायल में हिस्सा नहीं लेने के बावजूद राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। मनु भाकर दूसरे स्थान पर कायम हैं, जबकि राही सरनोबत तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दिव्या टी.एस. चौथे और रिदम सांगवान पांचवें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के फीफा वर्ल्ड कप बेस कैंप के पास गोलीबारी, 9 लोग घायल



**कैनसस सिटी (मिसौरी) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कैनसस सिटी स्थित मिसौरी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 बेस कैंप के पास गोलीबारी में 9 लोग घायल हो गए। यह घटना नॉर्थ अमेरिका में टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ दिन पहले हुई। 48 देशों के इस टूर्नामेंट में यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और मैक्सिको में 104 मैचों में 1,248 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कैनसस सिटी पुलिस ने पुष्टि की कि सभी 9 घायलों को ऐसी चोटें आईं जिनसे उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। घायलों में से कम से कम तीन को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि जांच जारी है और अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। यह घटना स्वोप सॉकर विलेज से लगभग चार मील दूर हुई, जो वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड का बेस कैंप है। इंग्लैंड की टीम अभी कैनसस सिटी नहीं पहुंची है और बुधवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में टूर्नामेंट से पहले कोस्टा रिका के साथ एक फ्रेंडली मैच खेलने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया ओपन

# सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई

**सिडनी (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं।



पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त होने से बालू माफियाओं में हड़कंप

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के रिसियप थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को दुधार नदी से अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दुधार नदी के घाट पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन किया जा रहा है तथा ट्रैक्टरों के माध्यम से उसकी तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम का गठन कर तत्काल छापेमारी की गई। पुलिस के पहुंचते ही अवैध खनन में शामिल चालक एवं अन्य लोग ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नदी घाटों से प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस संबंध में खनन पदाधिकारी को लिखित प्रतिवेदन भेज दिया गया है।

### रिश्तेदार के घर से लौटते समय हुआ हादसा

# एनटीपीसी कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत



• आक्रोशित लोगों ने दो घंटे किया सड़क जाम

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**

जिले के नवीनगर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एनटीपीसी के एक कर्मी की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मृतक की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के रत्न कर्मा गांव निवासी अनील सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह किसी रिश्तेदार के घर गए थे और वहां से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवीनगर-बारुण मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनील सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ मौके पर जुट गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने सड़क पर आगजनी भी की, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

### पुलिस के समझाने पर समाप्त हुआ जाम

घटना की जानकारी मिलते ही एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक बातचीत और प्रशासनिक आश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

एनटीपीसी खैरा थाना के थानाध्यक्ष परमजीत मंडल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।


## सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आई वृद्धा, इलाज के दौरान मौत

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई। वृद्धा पेंशन संबंधी ई-केवाईसी कराने बैंक जा रही महिला सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के श्रीगोरेया गांव निवासी रामप्रसाद यादव की पत्नी मुंगेश्वरी देवी के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, मुंगेश्वरी देवी सोमवार दोपहर अपने घर से वृद्धा पेंशन के लिए ई-केवाईसी कराने बैंक जा रही थीं। इसी दौरान ओबरा बाजार स्थित बेल मोड़ के समीप सड़क पार करते समय एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को तत्काल ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की जांच की, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के पुत्र कृष्ण यादव सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्थानीय मुखिया गिरजा पासवान ने फोन कर उनकी मां के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मां की मौत हो चुकी थी। मां की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। महिला की मौत की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कराई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जाएगा।

## ट्रक से टकराई कार, पांच घायल, तीन की हालत गंभीर



**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरा पुल के समीप सोमवार की सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल से दिल्ली जा रही कार ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में घायल सभी लोगों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। ्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के गाप्लास्टा गांव निवासी उत्तम जाना अपने परिजनों के साथ कार से दिल्ली लौट रहे थे। वाहन में उनके साथ पपई, तापस, दिनेश और पप्पू भी सवार थे। बताया जाता है कि उत्तम जाना दिल्ली में एसी और फ्रिज की बिक्री एवं सर्विसिंग का काम करते हैं। कुछ दिन पहले उनकी मां की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे दिल्ली से अपने गांव बांकुड़ा पहुंचे थे। मां से मुलाकात करने के बाद रविवार शाम अपने भाई, बहन के बेटे और अन्य परिजनों के साथ कार से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान जब उनकी कार मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित ओरा पुल के पास पहुंची, तब चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान कार असंतुलित हो गई और आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार तीन लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। शेष दो घायलों का भी इलाज जारी है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल उत्तम जाना ने पूरी घटना की जानकारी दी।

### उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा

## 64.42 प्रतिशत पूरा हुआ काम, 10 जून तक भूमि अधिग्रहण पूरा करने का लक्ष्य



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना की प्रगति को लेकर सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के निर्माण कार्य, भूमि अधिग्रहण, वितरण प्रणाली, निविदा प्रक्रिया तथा समग्र प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी शुभेंद्र कुमार झा, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 64.42 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। पिछले 14 दिनों में परियोजना में 3.01 प्रतिशत अतिरिक्त प्रगति दर्ज की गई है। परियोजना के तहत नहर निर्माण, लाइनिंग और विभिन्न संरचनात्मक कार्य तेजी से चल रहे हैं। औरंगाबाद जिले में परियोजना के सात निर्माण पैकेज (पैकेज-3 से पैकेज-9) संचालित हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 58.618 किलोमीटर है।

हालांकि कुछ पैकेजों में कार्य संतोषजनक पाया गया, वहीं कुछ स्थानों पर मशीनरी और मानव संसाधन की कमी के कारण निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है। इस पर मुख्य सचिव ने कार्य एजेंसियों को आवश्यक मशीनरी और श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक में भूमि अधिग्रहण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बिहार क्षेत्र में परियोजना के लिए कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसमें से 38.5936 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। शेष 2.6574 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संबंधित रैयतों को नोटिस जारी कर भुगतान एवं अभिलेखीय प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### किसानों के लिए वरदान साबित होगी परियोजना

उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना झारखंड से शुरू होकर औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद तथा मदनपुर प्रखंडों से गुजरते हुए गया तक विस्तारित है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद हजारों किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### एनएच-139 को फोरलेन बनाने की मांग तेज

## महाधरना के बाद संघर्ष समिति ने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



रंगाबाद से पटना को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर सोमवार को एनएच-139 फोरलेन संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय कर्मा मोड़ स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के समीप महाधरना का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, समाजसेवी और समिति के सदस्य शामिल हुए तथा सड़क को शीघ्र फोरलेन में तब्दील करने की मांग उठाई। महाधरना को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्यों रामानुज पांडेय, नवीन कुमार सिंह, कुमार सौरभ सिंह, इंजीनियर सुबोध सिंह, प्रमेन्द्र मिश्रा, चुलबुल सिंह, राम कौशल सिंह, मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, नंद किशोर यादव, कमल देव कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह एवं सूचित कुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि औरंगाबाद-पटना मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एनएच-139 का फोरलेन निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

वक्ताओं ने कहा कि यह सड़क बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके बावजूद सड़क की वर्तमान स्थिति और बढ़ते वाहनों की संख्या के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें लोगों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस मार्ग को फोरलेन में विकसित कर दिया जाए तो सड़क हादसों में कमी आएगी, आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस सड़क को फोरलेन बनाने के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी।

## भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर शोक की लहर, पूर्व सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



ओबरा प्रखंड के खुदवां गांव निवासी भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद ने अपने शोक संदेश में कहा कि विनय शर्मा केवल एक राजनीतिक सहयोगी नहीं, बल्कि उनके आत्मीय अभिभावक और बड़े भाई समान थे। उनका असामयिक निधन अत्यंत दुःखद, पीड़ादायक और मर्माहत करने वाला है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि विनय शर्मा उनके अनन्य सहयोगी थे, जिन्होंने हर सुख-दुःख और विपरीत परिस्थितियों में चट्टान की तरह उनका साथ निभाया। उन्होंने कहा कि विनय शर्मा का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, मिलनसार और समर्पित था तथा वे संगठन और समाज के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कहा कि उनका निधन केवल राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी एक अपूरणीय क्षति है। उनके स्नेह, सहयोग, मार्गदर्शन और आत्मीय व्यवहार को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। पूर्व सांसद ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों को इस कठिन समय में दुःख सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल दें। उन्होंने कहा कि विनय शर्मा की स्मृतियां सदैव लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी और उनका समाज व संगठन के प्रति योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

### डीएम-एसपी ने किया देव सूर्य मंदिर का निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी .सं.)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से देव प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव सूर्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण का उद्देश्य मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का आकलन करना तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाना था। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर में पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंधन, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, चिकित्सा सहायता, साफ-सफाई एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

### झारखंड से बिहार लाई जा रही थी अवैध स्प्रिट

## पुलिस ने 600 लीटर स्प्रिट की बड़ी खेप की जब्त

**निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले की कुटुम्बा थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 600 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद की है। यह खेप झारखंड के रास्ते बिहार लाई जा रही थी। हालांकि पुलिस की घेराबंदी की भनक लगते ही वाहन चालक कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। थाना प्रभारी इमरान अली ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक लग्जरी कार में भारी मात्रा में शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाला स्प्रिट लेकर तस्कर बिहार में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ढिबर फॉल के समीप विशेष निगरानी और घेराबंदी शुरू कर दी।

